https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

विश्व साइकिल दिवस आज

वर्ष: 4 । अंक: 173 | जयपुर, मंगलवार, 03 जून, 2025 । ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 । मूल्य: 3.00

जरूरी खबर

IAS आलोक का निधन, सीएम ने जताया शोक



जयपुर। राजस्थान कैडर के 1993 बैच के वरिष्ठ IAS अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग आलोक का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। 59 वर्षीय आलोक ने अपने कुशल शासकीय कौशल और मिलनसार व्यक्तित्व से ब्यूरोक्रेसी में अमिट छाप छोड़ी। दिल्ली और जयपुर में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने उत्कृष्ट सेवा प्रदान की। उनकी ईमानदारी, सरलता और टीमवर्क की भावना उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाती थी। लंबे समय से दिल्ली में इलाजरत आलोक के निधन से ब्यूरोक्रेसी में शोक की लहर छा गई है। उनके दिल्ली स्थित निवास पर IAS, IPS और अन्य सेवाओं के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से ACS शिखर अग्रवाल और प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

■ पेज 10 भी देखें

राजीव शुक्ला बनेंगे BCCI के कार्यवाहक अध्यक्ष



नई दिल्ली। राजीव शुक्ला अगले महीने बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे। वर्तमान अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे, जो बीसीसीआई के लिए तय अधिकतम उम्र सीमा है। शुक्ला इस समय बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं और सितंबर में होने वाली वार्षिक आम बैठक तक अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे।

राजस्थान भाजपा का जनसंपर्क अभियान: संगठन को मिलेगा नया आयाम... जून में होंगे पांच जनजागरण कार्यक्रम

पर्यावरण से लेकर आपातकाल तक जन-जन से सीधा संवाद

बेधड़क । जयपुर

भारतीय जनता पार्टी ने जून माह में राजस्थान में पांच प्रमुख जनअभियानों की घोषणा की है। सोमवार को जयपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी अभियानों की रूपरेखा साझा की और संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन में सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सत्ता में है तो कार्यकर्ताओं के अनुभवों का उपयोग जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का 5 जून से 25 जून तक चलने वाले अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने 15 जून तक मंडल समितियों के गठन का निर्देश देते हुए कहा कि समितियों का गठन जिलाध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और मंडल अध्यक्ष के सुझावों के आधार पर होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन में किसी भी प्रकार की गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान: सीएम

सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है। 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना होगा। 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी, जो अब मोदी सरकार की नीतियों के चलते चौथे स्थान पर आ गई है।

भाजपा के पांच प्रमुख अभियान

1. **वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान:** 5 जून से शुरू होगा। इसका उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण और रिचार्ज करना है।
2. **संकल्प से सिद्धि तक अभियान:** 9 जून से 21 जून तक मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।
3. **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम:** 21 जून को पूरे प्रदेश में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
4. **श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस:** 23 जून को संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के जरिए पार्टी विचारों का प्रचार होगा।
5. **आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम:** 25 जून को कांग्रेस के आपातकाल को "काले अध्याय" के रूप में जनता के सामने लाया जाएगा।

जेईई-एडवांस्ड 2025: देवदत्ता माझी महिला वर्ग में अव्वल

कोटा के रजित गुप्ता टॉपर

बेधड़क । नई दिल्ली

जेईई-एडवांस्ड 2025 के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए, जिसमें दिल्ली जोन के रजित गुप्ता ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में रजित ने 360 में से 332 अंक प्राप्त किए। वहीं, आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी ने 312 अंक हासिल कर ओवर ऑल 16वीं रैंक के साथ महिला वर्ग में शीर्ष स्थान पाया। इस बार जेईई-एडवांस्ड की परीक्षा 18 मई को दो पेपरों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 1,80,422 अभ्यर्थी शामिल हुए। इनमें से 54,378 उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की, जिनमें 9,404 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा में कुल 116 विदेशी छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 13 उत्तीर्ण हुए।

टॉप 100 में दिल्ली और मुंबई जोन से सर्वाधिक 31-31 उम्मीदवार

टॉप 100 में दिल्ली और मुंबई जोन से सर्वाधिक 31-31 उम्मीदवार शामिल हैं, जबकि आईआईटी हैदराबाद जोन से 23, कानपुर से 4, खड़गपुर से 5 और रुड़की जोन से 6 छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है। कोटा के चार छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप-10 में जगह बनाई है। कोटा में पढ़ने वाले सक्षम जिंदल की दूसरी, अक्षत की छठी और देवेश की आठवीं रैंक आई है। जयपुर के भव्य जेठानंदानी 46वीं रैंक हासिल कर सिटी टॉपर बने हैं।



रजित गुप्ता

खुशमिजाज अंदाज को बताया सफलता की कुंजी

जेईई-एडवांस्ड 2025 में टॉप करने वाले रजित गुप्ता कोटा में रहकर तैयारी करते थे। उनके पिता दीपक गुप्ता BSNL में इंजीनियर हैं और मां डॉ. श्रुति अग्रवाल जेडीबी गर्ल्स कॉलेज, कोटा में प्रोफेसर हैं। अपनी सफलता पर रजित ने कहा, 'हर गलती से सबक लिया। गलतियां सुधारने से ही विषयों की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि खुश रहना उनकी सफलता की कुंजी है। मैं हमेशा खुश रहता हूं, और समय मिलने पर कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता हूं।' मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रजित गुप्ता को बधाई एवं शुभकामना दी।

आईएएस दंपती संदीप वर्मा और श्रेया गुहा के बेटे आर्यमान को मिली 93 वीं रैंक



आर्यमान देव वर्मा

जयपुर। जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणाम में जयपुर के आर्यमान देव वर्मा ने ऑल इंडिया 93वीं रैंक हासिल कर शहर के दूसरे टॉप स्कोरर का स्थान प्राप्त किया है। आर्यमान राजस्थान सरकार में कार्यरत आईएएस दंपती संदीप वर्मा और श्रेया गुहा के पुत्र हैं। आर्यमान के परिवार की शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी उल्लेखनीय रही है। उनके बड़े भाई आयुष्मान देव वर्मा वर्ष 2018 में शहर के टॉपर्स में शामिल थे और वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबरा (स्कॉटलैंड) में गणितीय अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई आईआईटी बॉम्बे से पूरी की थी। आर्यमान की मां श्रेया गुहा दिल्ली यूनिवर्सिटी की टॉपर रह चुकी हैं और बाद में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुईं। उनके पिता संदीप वर्मा ने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और दो बार आईआईएम अहमदाबाद में एमबीए के लिए चयनित हुए। वर्ष 1993 में उन्होंने आईएएस परीक्षा में ऑल इंडिया 5वीं रैंक हासिल की थी।

हादसों में दो की मौत

मौसम ने बदली करवट आंधी के साथ बारिश



फोटो: पंकज शर्मा

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान में सोमवार को एक बार फिर सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम ने करवट ली। दोपहर बाद जयपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, भरतपुर, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर सहित कई जिलों में बारिश हुई। चूरू और सीकर में तेज आंधी चली, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के जटवाड़ा गांव में तेज आंधी के चलते एक फार्म हाउस की दीवार गिरने से शांति देवी की मलबे में दबकर मौत हो गई।

वहीं, हनुमानगढ़ में रविवार देर रात आंधी के बीच बाइक अनियंत्रित होकर साइन बोर्ड से टकरा गई, जिससे 35 वर्षीय लखवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

21 जिलों में ऑरेंज और 10 में येलो अलर्ट

सोमवार को श्रीगंगानगर का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर का 42.2, बीकानेर का 41 और जयपुर का 37.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 22 शहरों में पारा 40 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार को राज्य के 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

आईपीएल: क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर'

फाइनल आज, मिलेगा नया चैंपियन

बेधड़क । अहमदाबाद

आईपीएल-2025 का फाइनल मुकाबला 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

पंजाब ने क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों ने अब तक कभी खिताब नहीं जीता है, ऐसे में 2016 के बाद पहली बार कोई नई टीम आईपीएल ट्रॉफी उठाएगी। कप्तान श्रेयस अय्यर तीसरी बार अलग-अलग टीमों को फाइनल में पहुंचाने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को इनवाइट किया गया है। हालांकि, अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जाएगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा।



■ पेज 08 भी देखें

सिक्किम में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड

तीन जवान शहीद... छह सुरक्षाकर्मी लापता

एजेंसी । गंगटोक

सिक्किम के मंगन जिले के छातेन क्षेत्र में रविवार शाम भारी बारिश के कारण हुए भीषण भूस्खलन की चपेट में एक सैन्य शिविर आ गया, जिससे तीन जवान शहीद हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हैं। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। अधिकारी ने बताया कि यह घटना लाचेन नगर क्षेत्र में शाम करीब सात बजे हुई। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में की गई है। तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि चार अन्य सैनिक घायल हुए हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और लगातार बारिश के बावजूद बचाव कार्य तेजी से जारी है। विशेष रूप से प्रशिक्षित बचाव दल लापता जवानों की तलाश में जुटे हैं। सेना ने शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। घटना ने दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सुरक्षाबलों के समर्पण और चुनौतियों को एक बार फिर उजागर किया है।



छातेन में सैन्य शिविर पर भूस्खलन के बाद काम करता बचाव दल।

एमआरओ क्षेत्र को 4 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बना भारत: मोदी

बेधड़क । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक विमानन कंपनियों से भारत में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता नागर विमानन क्षेत्र वैश्विक कंपनियों के लिए निवेश का एक बड़ा और स्थिर अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (IATA) की 81वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए की। मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक मरम्मत और रखरखाव (MRO) क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने भरोसेमंद नीतियों, नवाचार, और समावेशी विकास पर जोर देते हुए भारत को वैश्विक विमानन प्रणाली में एक मजबूत भागीदार बताया।

उन्होंने बताया कि देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है और भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन चुका है।



भारत नीति, नेतृत्व और नवाचार का प्रतीक

पीएम ने कहा कि भारत केवल एक विशाल विमानन बाजार नहीं, बल्कि नीति, नेतृत्व और नवाचार का प्रतीक भी है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं और विमानन मूल्य श्रृंखला में भारत की भूमिका को भी सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने 'उड़ान' योजना की सफलता की सराहना की।

ऑपरेशन सिंदूर के लिए विदेश दौरे पर गए नेताओं से मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

पीएम मोदी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दुनिया भर में भारत का पक्ष रखने के लिए गए सांसदों की टीम से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी 9-10 जून को इन नेताओं से मिल सकते हैं। इन बैठकों में भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत अपनी कार्रवाइयों को लेकर तथ्यों और सबूतों के साथ अपनी बात रखी। 'ऑपरेशन सिंदूर', भारत-पाक सीजफायर और विदेश गए भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में सभी दलों के नेता शामिल हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के दौरे पर भी गया था, जिसमें सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जीएम हरीश बालयोगी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भाजपा), भुवनेश्वर कालिता (भाजपा), मिलिंद देवड़ा (शिवसेना), तेजस्वी सूर्या (भाजपा) और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू शामिल थे।

इंडिगो की उड़ान से गिद्ध टकराया
रांची में आपात लैंडिंग

एजेंसी । रांची

पटना से सोमवार को रांची आ रही इंडिगो की एक उड़ान को उस समय आपात स्थिति में उतारना पड़ा, जब विमान से एक गिद्ध टकरा गया। घटना के समय विमान 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर था और रांची से 12 नॉटिकल मील दूर था। विमान में करीब 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। एयरबस A320 को नुकसान पहुंचा है और फिलहाल उसे उड़ान योग्य नहीं माना जा रहा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक आर.आर. मौर्य ने घटना की पुष्टि की। विमान को रांची से कोलकाता जाना था। इंजीनियरिंग टीम क्षति का आकलन कर रही है।



जरूरी खबर

लंपी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू



बेधड़क, जयपुर। पशुपालन, गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को सांगानेर की पिंजरापोल गोशाला से लंपी स्किन रोग के खिलाफ राज्य स्तरीय टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस बार समय रहते दो महीने का व्यापक टीकाकरण और जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस दौरान मंत्री ने गौ पूजन कर उन्हें चारा खिलाया और टीकाकरण दल को टीका कैरियर प्रदान किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और गोशाला प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

कांग्रेस भ्रष्टाचार की पहचान बन चुकी है: यादव

बेधड़क, जयपुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने राजस्थान में विस्तार करते हुए संगठनात्मक रूप से मजबूत होने की दिशा में कदम उठाया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राजस्थान प्रभारी सुभाष चंद्र यादव ने सोमवार को कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस घोटालों और भ्रष्टाचार की पहचान बन चुकी है। इस दौरान पार्टी के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई, जिसमें प्रदेश महासचिव विजय राजभर, प्रचार मंत्री अजय सोनी, प्रदेश मंत्री राजू सिंह राठौर, दीपक सिंह राठौर व धर्मेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री पुष्पेंद्र चौधरी, अध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ इंद्रवीर सिंह चौधरी, वार्ड अध्यक्ष बच्चू सिंह मीणा को नियुक्त किया गया।

डोटासरा के बोल लोकतंत्र का अपमान: दिलावर



बेधड़क, जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डोटासरा पूरी तरह से संयम और शिष्टाचार की सीमाएं पार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि डोटासरा का बयान बेतुका, बेसिर-पैर का और पूरी तरह से बौखलाहट भरा है, जिसमें घमंड झलकता है। दिलावर के अनुसार डोटासरा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता और कार्यशैली से भयभीत हैं। दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन के हित में काम कर रही है। सरकार जल प्रबंधन, बिजली में आत्मनिर्भरता, युवाओं को रोजगार, पेपर लीक रोकने जैसे मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है।

भजनलाल सरकार की पहल: अब न्याय तक पहुंच होगी आसान

8 नए जिला एवं सेशन न्यायालयों की स्थापना, अधिसूचना जारी

बेधड़क | जयपुर

राज्य की भजनलाल सरकार ने न्यायिक व्यवस्था को और सशक्त करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। राज्य सरकार ने फलौदी, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा, ब्यावर, बाड़मेर, डीग, कोटपूतली-बहरोड़ और सलूंबर में 8 नए जिला एवं सेशन न्यायालयों की स्थापना की घोषणा की है।

यह पहल न केवल लंबित मामलों के बोझ को कम करेगी, बल्कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करेगी। सरकार ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है, जिसे न्यायिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिलेगी राहत



बाड़मेर को मिलेगा स्वतंत्र न्यायालय, जल्द होंगी न्यायिक अधिकारियों की नियुक्तियां

पहले बाड़मेर जिला बालोतरा के जिला एवं सेशन न्यायालय के अधीन था। बालोतरा के नवीन राजस्व जिला बनने के बाद अब बाड़मेर को स्वतंत्र जिला एवं सेशन न्यायालय मिलेगा। इससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अब न्यायिक प्रक्रियाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इन नए न्यायालयों में जिला एवं सेशन जज, अतिरिक्त जिला जज और अन्य न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति होगी। साथ ही, भवन, कर्मचारी और तकनीकी संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

लंबित मामलों में आएगी कमी

राज्य सरकार ने इन नए न्यायालयों की स्थापना के लिए अधिसूचना जारी कर बजट आवंटन और भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम न्यायिक प्रक्रिया को गति देने और लंबित मामलों की संख्या को कम करने में सहायक होगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2025 के अंत तक ये सभी न्यायालय पूरी तरह कार्यरत हो जाएं। इससे न केवल अदालतों पर दबाव कम होगा, बल्कि लोगों को त्वरित न्याय भी मिलेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष लाभकारी

नए जिला एवं सेशन न्यायालयों की स्थापना ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी। स्थानीय स्तर पर न्यायिक सुविधाएं उपलब्ध होने से छोटे-मोटे विवादों के लिए लोगों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और धन की बचत होगी और न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ेगा। इन न्यायालयों से स्थानीय स्तर पर मामलों का त्वरित निपटारा संभव होगा, जिससे न्यायिक व्यवस्था की कार्य क्षमता में सुधार होगा।

न्यायिक ढांचे को बनाएं सशक्त

भजनलाल सरकार का यह निर्णय राजस्थान के न्यायिक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नए न्यायालयों से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए बेहतर मंच मिलेगा। यह पहल न केवल न्याय तक पहुंच को आसान बनाएगी, बल्कि जनता के बीच न्यायिक व्यवस्था में विश्वास को भी बढ़ाएगी।

बजट घोषणाओं पर सीएम गंभीर, लेकिन सिस्टम की नहीं टूटी सुस्ती

सात बजट घोषणाओं की समय सीमा खत्म, मात्र 2 हो सकीं पूरी

लोकेश ओला | बेधड़क

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं।

समय पर योजनाएं और घोषणाएं धरातल पर उतरें, इसके लिए घोषणाओं को विभिन्न श्रेणियों में बांटकर उन्हें पूरा करने की समय सीमा भी तय कर दी गई है। लेकिन जितने सीएम गंभीर हैं, उतने विभागों के अधिकारी और मंत्री सरकार के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे। इसके चलते पहले माह की घोषणाएं और योजनाएं समय सीमा बीतने के बाद भी धरातल पर नहीं उतर पाई हैं।

सात घोषणाओं में से मात्र दो घोषणाओं को ही पूरा किया जा सका है। सीएम भजनलाल ने गत 13 मई को बैठक लेकर बजट की 34 घोषणाओं की समय सीमा तय की थी, जिनमें 7 घोषणाएं 31 मई तक पूरी करने के सख्त निर्देश दिए थे। लेकिन प्रदेश के लाखों बेरोजगारों से जुड़ी महत्वपूर्ण भर्तियां और विकास को गति देने वाली घोषणाएं अब भी अधूरी हैं।

- 31 मई तक 14 हजार पदों पर भर्ती विज्ञप्ति भी जारी नहीं हुई
- मुख्यमंत्री ने बजट की बी श्रेणी की 34 बजट घोषणाओं की समय सीमा तय की है



UDH, खनिज, पर्यावरण और DOP विभाग की रही लापरवाही

सीएम ने मई माह में पूरी करने के लिए पर्यावरण, खनिज, यूडीएच और डीओपी से जुड़ी 7 घोषणाओं को शामिल किया था। इनमें से डीओपी राजस्व व शिक्षा विभाग से जुड़े 14,000 पदों पर भर्ती विज्ञप्ति जारी नहीं करवा पाया। पर्यावरण विभाग को 'राजस्थान सर्कुलर इकोनॉमी प्रोत्साहन योजना-2025' को मंत्रिमंडल से मंजूरी दिलानी थी, लेकिन विभाग इसका प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष पेश नहीं कर सका। खनिज विभाग में निरस्त और प्रभावी खनिज रियायतों के लिए प्रस्तावित एमनेस्टी स्कीम भी लागू नहीं हो सकी है। यूडीएच विभाग भिवाड़ी विकास प्राधिकरण का गठन नहीं करवा पाया। हालांकि यूडीएच विभाग ने घोषणाओं में शामिल दौसा-बांदीकुई और बालोतरा नगर विकास न्यास का गठन मई के अंत में करवा दिया।

अब सितंबर तक 32 घोषणाओं को पूरा करना बड़ी चुनौती

सितंबर तक की समय सीमा के दायरे में लाई गईं 34 में से 32 घोषणाएं अभी अधूरी हैं। अब विभागों और उनके अधिकारियों के लिए उन्हें समय पर पूरा करना बड़ी चुनौती है। इनमें 15 जून तक राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन का पंजीयन करना, उद्योग विभाग की जीसीसी नीति व व्यापार संवर्धन नीति को मंजूरी दिलाना, चिकित्सा विभाग में अस्पताल प्रबंधक कैडर और सिंगल विंडो रजिस्ट्रेशन प्रणाली लागू करना प्रस्तावित है। इसके अलावा 30 जून तक हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बस सेवा की निविदा जारी करनी है और 15 जुलाई तक मा योजना और आरजीएचएस पोर्टल का एकीकरण आईएचएमएस से किया जाना है। 31 जुलाई तक मंत्रालयिक कैडर, जेल प्रहरी, व्याख्याता आदि के पुनर्गठन के साथ 10 ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और 2 हजार परमिट जारी करने हैं। 30 सितंबर तक सभी संभागीय मुख्यालयों की गतिशीलता योजना पूरी की जानी है।

सुधार नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई

रोगी को नया जीवन देने से बड़ा कोई पुण्य नहीं



चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सोमवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण टीमों की बैठक लेते हुए।

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं उनसे संबद्ध अस्पतालों का अब नियमित निरीक्षण होगा। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का समय पर निस्तारण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण टीमों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा अत्यंत संवेदनशील विषय है, इसमें कोई कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारी अपने क्षेत्र के अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें और तुरंत सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल को अपना घर और रोगियों को परिवार का सदस्य मानकर सेवाएं दें। रोगी को नया जीवन देने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं। खींवसर ने विगत निरीक्षणों में सामने आई कमियों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए और अभियान की निरंतरता की आवश्यकता जताई। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि 33 टीमों ने 150 अधिकारियों के साथ गहन निरीक्षण किया और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है।

सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को देने की तैयारी

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि अस्पतालों में स्वच्छता, सुरक्षा, उपकरणों की स्थिति, अग्निशमन, पानी-बिजली की उपलब्धता जैसे बिंदुओं पर निरीक्षण हुआ है। साथ ही, शौचालयों की देखरेख सुलभ इंटरनेशनल को और सुरक्षा की जिम्मेदारी सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स (CISF) को देने की प्रक्रिया जारी है।

मरम्मत कार्यों के लिए 44 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी

अतिरिक्त निदेशक नरेश गोयल ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने मरम्मत कार्यों के लिए करीब 84 करोड़ रुपए की आवश्यकता बताई थी, जिसके विरूद्ध अस्पतालों को करीब 44 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। प्रदेश के 81 अस्पतालों में से 29 अस्पतालों में पीडब्ल्यूडी चौकी की स्थापना के लिए जगह आवंटित कर दी गई है। मेंटीनेंस कार्यों के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है।

सालेह मोहम्मद की भूमिका पर भी उठाए सवाल

पाक जासूसी मामले में शकूर खान को मिला था राजनीतिक संरक्षण: प्रतापपुरी

बेधड़क | जयपुर

पोकरण से भाजपा विधायक महंत प्रतापपुरी ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद के तत्कालीन निजी सचिव शकूर खान मंगालिया पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि शकूर खान को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था, जिसके चलते वह एक सरकारी कर्मचारी होते हुए भी बिना सूचना के पाकिस्तान की यात्राएं कर चुका है। महंत प्रतापपुरी ने सोमवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शकूर खान की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच जरूरी है और उसे संरक्षण देने वालों की भी जांच करवाई जानी चाहिए। उन्होंने इस पर चिंता



जताई कि यदि कोई मंत्री अपने ही सचिव की संदिग्ध गतिविधियों से अनजान रहे, तो यह एक चिंता, चिंतन और निंदा का विषय है। विधायक प्रतापपुरी ने बताया कि शकूर खान लंबे समय तक सालेह मोहम्मद के साथ जुड़े रहे और इस दौरान क्षेत्र में आयोजित सैन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होते रहे होंगे। इससे आशंका है कि गोपनीय सूचनाएं लीक हुई होंगी।

जांच हो तो खुल सकते हैं राज

प्रतापपुरी ने मांग की है कि ग्रामदानी योजना के तहत लाभान्वित लोगों की जांच हो, जमीन आवंटन में हुए नियमों के उल्लंघन की जांच हो, पूर्व जनप्रतिनिधियों की संपत्तियों और विदेश यात्राओं की जांच हो, सालेह मोहम्मद से जुड़ा अश्लील सीडी कांड, जो राजनीतिक संरक्षण से दबा दिया गया उसकी भी पुनः जांच हो। उन्होंने अंत में कहा कि यदि समय रहते आईपीएस पंकज चौधरी द्वारा की गई कार्रवाई को निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ाया जाता, तो आज देश की गोपनीय सूचनाएं लीक नहीं होतीं।

कृषि विभाग का डिकॉय ऑपरेशन...

15 फैक्ट्रियां सील, 13 कंपनियों पर FIR दर्ज

बेधड़क | जयपुर

कृषि विभाग के डिकॉय ऑपरेशन के तहत किशनगढ़ में उर्वरक कंपनियों की व्यापक जांच की गई, जिसमें 15 फर्मों की फैक्ट्रियां सील की गईं और 13 कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में बिना लेबल और संदिग्ध गुणवत्ता वाले उर्वरकों की भारी मात्रा में जब्ती की गई है। किशनगढ़, बांदरसिंदरी, डिंडवाड़ा, लवेरा, टिकावड़ा, अल्मास इंडोली, उदयपुर कलां और चूरली में विभिन्न कंपनियों की जांच में उर्वरकों के हजारों बैग जब्त किए गए। मैसर्स सत्यम एग्रो, श्रीनाथ एग्रो इंडस्ट्रीज, एक्वा एग्री प्रोसेसिंग, शंभू बायो फर्टिलाइजर, श्रीएग्रो, सनशाइन ऑयल सीड्स, ट्रॉपिकल एग्रो सिस्टम, दिव्या एग्रो टेक, ग्रीन एग्रो इंडस्ट्रीज, श्रीगोवर्धन एग्रो, भूमि एग्रो इंडस्ट्रीज, राघव एग्रो इंडस्ट्रीज, कमला बायोटेक, मंगलदीप बायोफर्टिलाइजर्स, अतिशय बायोटेक सहित कई कंपनियों की फैक्ट्रियां सील की गईं। जांच में 13,600 से लेकर 22,589 बिना लेबल के बैग जब्त किए गए। साथ ही, संदिग्ध डेरिवेटिव्स, पोटाश, जिप्सम, बायो फर्टिलाइजर और अन्य कई उर्वरकों की बड़ी मात्रा मिली। विभाग ने बताया कि सभी मामलों में संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

बेधड़क TOON



-शेखर

22 दिन में होंगी चयन बोर्ड एवं आरपीएससी की 35 से अधिक परीक्षाएं

जून में भर्ती परीक्षाओं की बहार, शिक्षक नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय

बेधड़क | जयपुर

जून माह में प्रदेश के कई परीक्षार्थियों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। इस महीने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 21 भर्ती परीक्षाएं होंगी।

वहीं, आरपीएससी जून से जुलाई तक 14 परीक्षाएं आयोजित करवाने जा रहा है। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से चिकित्सा विभाग के विभिन्न पदों पर 2 से 13 जून तक भर्ती परीक्षाएं करवाई जाएंगी। इसके अलावा कई पदों पर संविदा लेखा सहायक भर्ती परीक्षा होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्कूल व्याख्याता भर्ती जैसी



परीक्षाएं भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा प्री-डीएलएड की परीक्षा रविवार को पूरी हो चुकी है।

बीते दिनों राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने स्कूली छात्रों की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्च में कोई भी भर्ती परीक्षा नहीं रखी थी। इसके लिए बोर्ड ने संशोधित परीक्षा कैलेंडर भी जारी किया था, लेकिन अब ग्रीष्मकालीन अवकाश में उन भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसके लिए उन्हें मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए पाबंद किया गया है। इस बार जून में 22 दिन अलग-अलग तरह की परीक्षाएं होने वाली हैं। ऐसे में शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के 22 दिन भर्ती परीक्षाओं में वीक्षक बनकर ड्यूटी करने में निकल जाएंगे।

आरपीएससी की 4 बड़ी परीक्षाएं जून-जुलाई में

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कुल 3,264 पदों पर भर्तियों के लिए चार महत्वपूर्ण परीक्षाएं जून और जुलाई माह में होंगी।

17 और 18 जून

733 पदों के लिए आरएएस (मुख्य) परीक्षा-2024

23 जून से 6 जुलाई

2202 पदों के लिए व्याख्याता और कोच (स्कूल शिक्षा) और 329 पदों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा होगी।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की होने वाली प्रमुख परीक्षाएं

प्रदेश में 2 से 13 जून तक चिकित्सा विभाग के विभिन्न संविदा पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके अलावा लेखा सहायक संविदा भर्ती परीक्षा 16 जून को होगी। कुल 21 परीक्षाओं में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, नर्सिंग ट्रेनर, फार्मा असिस्टेंट, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, आयुर्वेद कंपाउंडर, पशुधन सहायक जैसी भर्तियां शामिल हैं।

तारीख	परीक्षा का नाम
3 जून	हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर कॉन्ट्रैक्चुअल और सीनियर काउंसलर कॉन्ट्रैक्चुअल
4 जून	डाटा एंट्री ऑपरेटर कॉन्ट्रैक्चुअल
5 जून	फार्मा असिस्टेंट कॉन्ट्रैक्चुअल और फीमेल हेल्थ वर्कर कॉन्ट्रैक्चुअल
6 जून	कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर कॉन्ट्रैक्चुअल और नर्स कॉन्ट्रैक्चुअल
8 जून	पब्लिक हेल्थ केयर नर्स कॉन्ट्रैक्चुअल और नर्सिंग ट्रेनर
9 जून	अकाउंट्स असिस्टेंट कॉन्ट्रैक्चुअल और साइकिएट्रिक केयर नर्स
10 जून	रिहैबिलिटेशन वर्कर और फिजियोथेरेपिस्ट असिस्टेंट
11 जून	मेडिकल लैब टेक्नीशियन और आयुर्वेद कंपाउंडर
12 जून	ऑडियोलॉजिस्ट कॉन्ट्रैक्चुअल और बायोमेडिकल इंजीनियर कॉन्ट्रैक्चुअल
13 जून	सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर कॉन्ट्रैक्चुअल और पशुधन सहायक सीधी भर्ती
16 जून-	लेखा सहायक संविदा भर्ती

जरूरी खबर

RUHS में शुरू हुई एंजियोग्राफी सुविधा



बेधड़क, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की पहल पर आरयूएचएस अस्पताल में सोमवार से एंजियोग्राफी की सुविधा शुरू कर दी गई है। पहले ही दिन दो मरीजों की सफल एंजियोग्राफी की गई। यह सुविधा अस्पताल के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट स्थित कैथ लैब में प्रारंभ की गई है। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने बताया कि यह कदम सवाई मानसिंह अस्पताल का भार कम करने और मरीजों को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली जांच सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में उठाया गया है।

अतिक्रमण मुक्त कराई गई 5 बीघा सरकारी भूमि



बेधड़क, जयपुर। हवामहल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 6, किशनबाग में स्थित लगभग 5 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। यह कार्रवाई नगर निगम हवामहल आमेर जोन की ओर से की गई। इसमें विजिलेंस टीम और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में वर्षों पुराने अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। यह भूमि भट्टा बस्ती शास्त्री नगर क्षेत्र में किस्मत गुजरी के मकान के पास स्थित थी, जिस पर लंबे समय से अवैध कब्जा बना हुआ था। यह अभियान हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य के प्रयासों से संभव हुआ है।

45 करोड़ की सरकारी भूमि से हटाया कब्जा



बेधड़क, जयपुर। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को बगराना में 45 करोड़ की 15 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। इसके अलावा दस्ते ने बस्सी क्षेत्र में तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। आईजी कैलाश विश्नोई ने बताया कि जोन-10 के अंतर्गत ग्राम बगराना, जेडीए फ्लैट्स के पास स्थित लगभग 15 बीघा सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया था। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 45 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिर बदला मौसम... दिन में धूप-छांव और शाम को झमाझम



फोटो: राजेश कुमावत

बेधड़क, जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जयपुर सहित प्रदेश के एक दर्जन जिलों में सोमवार को झमाझम बारिश हुई। जयपुर में सुबह के समय मौसम साफ रहा। इसके बाद धीरे-धीरे बादलों की आवाजाही शुरू हुई। दोपहर में कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। शाम होते-होते बारिश और आंधी का दौर तेज हो गया। शाम को तेज आंधी से जयपुर के कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई। वहीं, बारिश का दौर देर रात तक जारी रहा। बारिश और आंधी से जयपुर सहित कई जिलों में गर्मी से राहत मिली। सोमवार को जयपुर में दिन के तापमान में 2.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम था। वहीं, रात के तापमान की बात करें तो रविवार रात की तुलना में तापमान 3.6 डिग्री गिरकर 26.1 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम रहा।

@ न्यू सांगानेर रोड



मौसम हुआ खुशनुमा

दोपहर बाद से तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में बारिश हुई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। जेएलएन मार्ग, बजाज नगर, सी-स्कीम समेत शहर के कई इलाकों में बारिश हुई। जयपुर जिले के चौमूं, कालाडेरा, शाहपुरा, चाकसू सहित कई इलाकों में शाम को तेज हवा के साथ आधे घंटे तक झमाझम बारिश दर्ज की गई।

जयपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

जयपुर में मंगलवार को भी तेज मेघगर्जन और आंधी (50-60 किमी/घंटा) के साथ मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। जयपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी की आपूर्ति के कारण 2 से 4 जून तक जयपुर और आसपास के इलाकों में बारिश और आंधी की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

खाद्य सुरक्षा अभियान: नामी मिष्ठान भंडारों और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थ पाए गए अनसेफ

सावधान! शहर में घी, मावा पनीर और मसाले सब मिलावटी



51 प्रतिष्ठानों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश

बेधड़क | जयपुर

सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले सौदागर हर जगह सक्रिय हैं, चाहे मंदिर हो, रेस्टोरेंट हो या फिर बड़े मॉल। प्रतिष्ठित संस्थानों में भी मिलावटखोरी जोरों पर है। जयपुर में खाद्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे खाद्य सुरक्षा अभियान में मोती डूंगरी मंदिर के बाहर बिक रही मिठाइयों, होटल हाईवे किंग की ग्रेवी, एवेन्यू सुपरमार्ट में बिक रहे घी, 'अप एंड अप' में पनीर और वर्धमान मिल्क डेयरी के गुलाब जामुन सहित कुल 51 प्रतिष्ठानों के खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाए गए। खाद्य विभाग ने इन सभी प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चालान पेश किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) जयपुर की टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई से शहर में खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।



फल-सब्जियां भी सुरक्षित नहीं

अभियान के तहत यह भी सामने आया कि बाजार में बिकने वाले फल और सब्जियां कैल्शियम कार्बाइड जैसे प्रतिबंधित रसायनों से पकाई जा रही हैं। इस संबंध में 66 सैंपल लिए गए। विक्रेताओं को सड़े-गले फल बेचने और प्रतिबंधित रसायनों का उपयोग करने से मना किया गया। एफएसएसएआई दिशा निर्देशों के अनुसार फलों को पकाने के लिए एथिलीन गैस चैंबर या एथोफेन का नियमानुसार उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

फर्म का नाम	खाद्य पदार्थ
मिलन मिष्ठान भंडार, मोती डूंगरी	मोदक
वीर मिष्ठान भंडार, मोती डूंगरी गणेश मंदिर के सामने	कानपुरी लड्डू
रेवती मिष्ठान भंडार, मोती डूंगरी गणेश मंदिर के सामने	मिल्क केक
होटल हाईवे किंग, विराटनगर, कोटपूतली	ग्रेवी
अप एंड अप, रामबाग	पनीर
चाट का मटका टेस्ट का तड़का, न्यू सांगानेर	गुलाब जामुन
श्री वर्धमान मिल्क डेयरी, कालाडेरा	गुलाब जामुन
शंकर नमकीन भंडार, राजा पार्क	लाल मिर्च पाउडर
श्री लक्ष्मी मिष्ठान भंडार, कालवाड़ रोड	मावा
लक्ष्मी ट्रेडर्स, गणगौरी बाजार	काली मिर्च
न्यू लाल जनरल एंड किराना स्टोर, जयसिंहपुरा खोर	लाल मिर्च पाउडर
न्यू कौशर स्वीट्स, हसनपुरा	गुलाब जामुन
कीर्ति एंटरप्राइजेज, शास्त्री नगर	धनिया, मिर्च, हल्दी पाउडर
गणेश ट्रेडिंग कंपनी, शास्त्री नगर	धनिया, हल्दी पाउडर
आदर्श नमकीन भंडार, राजा पार्क	मेरी नेशन ग्रेवी
आर.एन. हॉस्पिटैलिटी सर्विस	वेजिटेबल सॉस
द फोनिक्स ट्रेडविजन प्रा. लि., वीकेआई	क्यूमिन पाउडर
वीनस इंडियन ढाबा, कंवर नगर	ग्रेवी
काला नमकीन उद्योग	तेल, नमकीन
श्री किशन दूध भंडार, करतारपुरा	मावा
जोधपुर डेयरी बूथ, सी-स्कीम	आइसक्रीम
नरेंद्र जांगिड़, झोटवाड़ा	पनीर
श्री गणपति देशी घी भंडार, सुभाष चौक	घी
भूरामल भागीरथ, अजमेर रोड	बादाम कतरण
शुद्ध देशी घी भंडार, झोटवाड़ा	घी
श्री महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी, सूरजपोल मंडी	तेल
श्री कृष्णा स्वीट एंड बेकर्स, वैशाली नगर	मूंग लड्डू
गोपी क्वालिटी स्वीट्स, राजा पार्क	मावा
श्री बालाजी मावा दूध भंडार, सिरसी रोड	मावा
रॉयल स्वीट्स, शास्त्री नगर	मावा
राधिका ट्रेडर्स, वैशाली नगर	आइसक्रीम
कृष्णा मार्केटिंग, सूरजपोल मंडी	मूंगफली तेल
श्री राम मिल्क फूड डेयरी इंडस्ट्रीज, झोटवाड़ा	घी
एवेन्यू सुपरमार्ट लिमिटेड, झोटवाड़ा	घी (दो नमूने)
लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी, कालवाड़ रोड	तेल
रामप्रसाद रामगोपाल, सूरजपोल मंडी	घी
ओम प्रकाश आकाश कुमार, चांदपोल बाजार	घी
माहेश्वरी स्टोर, चांदपोल बाजार	घी
मेहता किराना स्टोर, गोविंदपुरा	घी
जनता जोधपुर स्वीट होम, शाहपुरा	मावा बर्फी
श्री लक्ष्मी जोधपुर मिष्ठान भंडार, पांच्यावाला	मिल्क केक
शिवा मावा पनीर भंडार, झोटवाड़ा	पनीर
कृष्णा मार्केटिंग, सूरजपोल अनाज मंडी	तेल
नीरज मार्केटिंग, बदनपुरा	घी (चार नमूने)
एक्सप्रेस किचन, सी-स्कीम	पनीर
शर्मा पनीर, गलता गेट	पनीर
यूनीएग्रो फूड इंडस्ट्रीज प्रा. लि.	फ्रोजन बफेलो मीट
सीताराम अनिल कुमार खुटेटा, हसनपुरा	तिल का तेल
अग्रवाल ब्रदर्स, हसनपुरा	घी
श्री श्याम एंड कंपनी, शाहपुरा	धनिया पाउडर

बनीपार्क में घरेलू नौकर ने चुराए 70 लाख

चोरी के पैसों से गांव में खरीदी जमीन, बाप बेटे सहित तीन अरेस्ट

बेधड़क | जयपुर

बनीपार्क इलाके में एक घर में काम करने वाले घरेलू नौकर ने छह माह में अलग-अलग समय पर घर की अलमारियों से करीब 70 लाख रुपए चुरा लिए। नौकर ने यहां से पैसे चुराकर अपने गांव भेजे, जहां उसके पिता ने खुद के साथ ही बेटे और बहू के नाम पर अलग-अलग जगह जमीनें खरीद लीं। पुलिस ने इस मामले में पिता-पुत्र सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार है। उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 12 लाख रुपए नकद और चोरी के पैसों से खरीदी गई जमीनों के दस्तावेज जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपी स्वागतम कुमार, उसके पिता सत्येंद्र दास निवासी गया, बिहार और सुनील तुरी निवासी गिरिडीह, झारखंड हैं।

डीसीपी वेस्ट अमित बुढानिया ने बताया कि स्वागतम कुमार पांच साल से बनीपार्क निवासी पीड़ित मनीष चंदवानी के घर में काम कर रहा था। कुछ समय पहले सुनील तुरी भी इस घर में काम करने लगा था। आरोपी स्वागतम ने पिछले वर्ष अक्टूबर से इस वर्ष 1 मई तक घर की अलमारियों में रखे बैग से अलग-अलग समय पर करीब 80 लाख रुपए चुराए। इनमें से उसने सुनील को चुप रहने के लिए 2 लाख रुपए दे दिए, जबकि शेष राशि अपने गांव भेज दी। गांव में उसके पिता सत्येंद्र दास ने चोरी के पैसों से खजुरी गांव और गया में जमीन खरीद ली।

शिक्षकों ने निकाला पैदल मार्च



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (शे) के नेतृत्व में सोमवार को राजधानी जयपुर की सड़कों पर शिक्षक रैली निकली गई। पैदल मार्च चांदपोल से शहीद स्मारक तक निकला गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शिक्षक शामिल हुए। रैली और सभा की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष महावीर सियाग, संघर्ष समिति संयोजक पोखरमल बुरड़क और याकूब खान ने की। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री उपेंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने सरकार और शिक्षा विभाग की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। सियाग ने कहा कि जब तक मांग पत्र का समाधान नहीं होता, संघर्ष जारी रहेगा।

मई माह के विजेता का नाम घोषित

अजमेर की गौरी माहेश्वरी ने जीता 'यूथ आइकॉन ऑफ द मंथ' का खिताब

कलम की क्रांति:

सुलेख की कला से पूरे भारत में 16,000 से ज्यादा लोगों को सिखाया कैलीग्राफी का हुनर

बेधड़क | जयपुर

फर्स्ट इंडिया न्यूज द्वारा आयोजित यूथ आइकॉन ऑफ द मंथ प्रतियोगिता के मई माह के विजेता की घोषणा सोमवार को कर दी गई। इस बार यह खिताब राजस्थान के अजमेर की 17 वर्षीय युवती गौरी माहेश्वरी को मिला है, जिन्होंने अपनी लेखनी से न केवल एक दुर्लभ कला को पुनर्जीवित किया, बल्कि उसे आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाकर हजारों जिंदगियों को दिशा दी। गौरी माहेश्वरी ने आत्मनिर्भर भारत के



प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर 12 वर्ष की आयु में कैलीग्राफी सिखाना शुरू किया। यह वही कला थी, जिसे वह मात्र 6 साल की उम्र से सीख रही थीं। दो वर्षों में उन्होंने 200 से अधिक फॉन्ट्स विकसित किए और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक 5,000 से ज्यादा लोगों को यह कला सिखाई। उनकी इस कला और समर्पण ने उन्हें वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिलवाया, जो कि भारत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।



विविध मंचों और संगठनों से जुड़ाव

जैसलमेर के BSF और 'जैसन शक्ति' परियोजना में युवतियों को प्रशिक्षित किया। सरकारी स्कूलों और अनाथालयों में रोटरी, FICCI और इनर व्हील जैसे संगठनों के साथ काम किया। नगर निगम हेरिटेज जयपुर की ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वच्छ भारत अभियान, जीरो प्लास्टिक अभियान और महिला स्वयं सहायता समूहों जैसे अभियानों में योगदान दिया।

ग्रामीण भारत तक पहुंचाई कला की रोशनी

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद गौरी ने देखा कि समाज में कैलीग्राफी की उपयोगिता और संभावनाओं को लेकर जागरूकता की कमी है। उन्होंने इस कला को आत्मनिर्भरता का साधन बनाकर दूर-दराज के गांवों और स्कूलों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। 2022 से 2024 तक उन्होंने राजस्थान के 100 से ज्यादा जिलों और सरकारी स्कूलों में जाकर 16,000 से ज्यादा छात्रों और महिलाओं को कैलीग्राफी सिखाई। उन्होंने अपनी ऑनलाइन कमाई से ₹5,00,000 जुटाए, जिससे ट्रैवल, स्टेशनरी, और टूल्स का खर्च उठाया। यह अभियान न केवल शिक्षा, बल्कि महिलाओं और युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम रहा।

फर्स्ट इंडिया की प्रेरक पहल

फर्स्ट इंडिया न्यूज द्वारा आयोजित 'यूथ आइकॉन ऑफ द मंथ' के तहत हर महीने राजस्थान के 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। विजेता को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, विशेष स्टूडियो इंटरव्यू और राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार का अवसर दिया जाता है।

पवन अरोड़ा का विजन

फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने कहा, 'गौरी जैसे युवा ही भारत का भविष्य हैं। उनका जुनून, समर्पण और सामाजिक जागरूकता वास्तव में प्रेरणादायक है। हमारा लक्ष्य ऐसे युवा परिवर्तनकर्ताओं को सबसे आगे लाना और समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने में उनकी मदद करना है। गौरी माहेश्वरी की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि दृढ़ निश्चय और सामाजिक चेतना के साथ कोई कार्य किया जाए, तो वह न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सामूहिक बदलाव की मिसाल बन सकता है।'

प्रमुख पुरस्कार और उपलब्धियां

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022
- राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड (मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा)
- डेल टेक्नोलॉजीज द्वारा डूइंग गुड, राइजिंग हीरो अवार्ड
- भारत, एशिया, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल
- एशिया की 1000 महिला चेहरों में नामित
- आईसीएसई बोर्ड टॉपर 2024, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल
- येल यंग ग्लोबल स्कॉलर्स प्रोग्राम के लिए 70% छात्रवृत्ति के साथ चयनित

अगर आप राजस्थान के निवासी हैं और आपकी उम्र 18-35 साल के बीच है, तो आप भी हो सकते हैं अगले यूथ आइकॉन ऑफ द मंथ!

रजिस्ट्रेशन के लिए QR कोड स्कैन करें

जरूरी खबर

ऑनलाइन-गेम में कर्जा, पत्नी के साथ किया सुसाइड



कोटा। कैथून इलाके में सोमवार को एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते-खेलते युवक पर कर्जा हो गया था। युवक ने एक दिन पहले अपनी पत्नी की बड़ी बहन को कॉल कर कहा था कि ऑनलाइन गेम में 4 से 5 लाख रुपए का कर्जा हो गया है। मेरे पास मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पत्नी की बड़ी बहन ने उन्हें समझाया भी था। दीपक राठौर और उसकी पत्नी राजेश राठौर ने खेड़ा रामपुर गांव में फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी।

कांस्टेबल की हत्या के आरोपी चालक ने किया सरेंडर



जोधपुर। लूणी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस कांस्टेबल सुनील खिलेरी की डंपर से कुचलकर हत्या के मामले में मुख्य आरोपी राणाराम ने सोमवार को जोधपुर की एक अदालत में समर्पण कर दिया। यहां से कोर्ट ने राणाराम को पुलिस कस्टडी में भेज दिया। घटना के बाद उसके फरार हो जाने पर पुलिस ने उस पर बीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। लूणी पुलिस इस मामले में एक सरपंच पति समेत चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत



पाली। सांडेराव थाना क्षेत्र के दुजाना टोल नाके के पास रविवार रात को तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई और एक दोस्त घायल हो गया। बाइक सवार अपने किसी दोस्त को सांडेराव छोड़कर तखतगढ़ आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसे में तखतगढ़ निवासी जितेंद्र सिंह (21) पुत्र छेलसिंह और कुंदन कुमार (18) पुत्र तरुण कुमार की मौत हो गई। वहीं, जिग्नेश पुत्र कालूराम कुमावत का हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है।

तेंदुए का आतंक: बुजुर्ग की आंख नोच डाली... एक घर में घुसकर महिला का सिर काट खाया

आसींद में लेपर्ड ने एक बच्चे सहित 8 लोगों पर किया हमला

बेधड़क | भीलवाड़ा

जिले के आसींद क्षेत्र में सोमवार को लेपर्ड ने एक बच्चे सहित 8 लोगों पर हमला कर दिया। लेपर्ड ने बच्चे की पीठ पर गहरे जख्म कर दिए और एक बुजुर्ग की आंख नोच डाली। वहीं, घर में घुसकर एक महिला के सिर पर काट खाया। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलते ही आसींद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेपर्ड 8 लोगों पर हमला करने के बाद एक घर में घुस गया और अंदर चहलकदमी करने लगा। इस बीच वह घर के बाथरूम में घुसा तो वन विभाग की टीम ने गेट के कुंडी लगा दी। जानकारी के अनुसार लेपर्ड ने सुबह नूवालिया गांव में बच्चे पर हमला किया। नूवालिया निवासी सोनू भील ने बताया कि उसका बेटा राजवीर (12) खेत में बकरियां चरा रहा था। तभी एक लेपर्ड अचानक झाड़ियों से निकलकर राजवीर पर झपट पड़ा और उसकी पीठ, गर्दन सहित कई जगहों पर पंजा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेटे के चीखने पर वह अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा और सबने लाठियों से लेपर्ड को भगाया। घायल राजवीर को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



घर में घुसा लेपर्ड।



घायल बालक।

घर में घुसकर दो महिलाओं पर हमला

इसके बाद लेपर्ड ने नूवालिया गांव में ही एक घर में घुसकर दो महिलाओं पर अटैक कर दिया। हमले में लीलादेवी और प्रेमदेवी घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि प्रेमदेवी पर पीछे से सिर पर हमला किया गया। परिजनों के शोर मचाने पर लेपर्ड भाग गया। घायल महिलाओं को दौलतगढ़ पीएचसी में भर्ती कराया गया है। महिलाओं पर अटैक के कुछ देर बाद लेपर्ड ने करीब एक किमी दूर मानाबा का खेड़ा गांव में तीन और लोगों पर हमला किया। फिर, वह एक घर में घुस गया। तीनों घायलों का इलाज दौलतगढ़ के अस्पताल में जारी है।

बुजुर्ग की आंख नोच डाली

लेपर्ड ने थारेला निवासी नेनू भील (60) और नूवालिया निवासी पानी देवी बलाई पर अलग-अलग जगह हमला किया। दोनों को घायल अवस्था में दौलतगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद नेनू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है। ग्रामीणों के अनुसार लेपर्ड ने नेनू भील की आंख नोच डाली।

लेपर्ड को बाथरूम में किया बंद

वनपाल नंदलाल गुर्जर ने बताया कि मानाबा का खेड़ा गांव में 3 लोगों पर अटैक करने के बाद लेपर्ड कुपाराम के घर में घुस गया। जान बचाने के लिए परिवार के लोगों ने दौड़कर खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लेपर्ड को घर के बाथरूम में बंद करने के बाद उदयपुर से टीम बुला कर लेपर्ड का रेस्क्यू किया।

सांभर में पानी की कमी से पलायन...

घरों के बाहर लगे पोस्टर, 'इस गली के सभी मकान बिकाऊ'

बेधड़क | जयपुर

पानी की हर एक बूंद के लिए तरसते लोग, सिर पर घड़े व बाल्टियां रखकर पानी लाती महिलाएं और पानी के लिए हर पल नलों की तरफ ताकती निगाहें। यह नजारा रेगिस्तानी इलाकों में दूरदराज की ढाणियों का नहीं, बल्कि राजधानी जयपुर से महज 80 किमी दूर उपखंड मुख्यालय सांभर कस्बे का है, जहां पानी की किल्लत के चलते करीब दस मोहल्लों के सैकड़ों लोग अपनी पुश्तैनी हवेलियां और मकान छोड़कर पलायन करने को मजबूर हैं।

इसके लिए बाकायदा लोगों ने गलियों और घरों के बाहर पोस्टर-बैनर लगाकर सरकार के हर घर तक नल और पानी पहुंचाने के दावों की पोल खोल दी है। सांभर के वार्ड 22 और 23 में स्थित चारभुजा मंदिर की गली, चौधरियों की गली, जोशियों की गली, कालानियों की गली, दादूद्वारे की गली, शेषनारायण जी की गली, लक्ष्मीनाथजी के मंदिर की गली, लाहोटियों की गली, मंडी की गली व झंडे की गली में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि तीन दिन के अंतराल में चार-पांच घड़े पानी आता है। आधा किमी दूर नलों से बाल्टियां व घड़ों में पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं। इसलिए सामूहिक पलायन करने को मजबूर हैं।



घर के बाहर लगा पोस्टर।



गली में लगे बैनर।

कई लोग छोड़ गए घर, बचे हुए परेशान

दरअसल, सांभर के पांच मोहल्लों के लोगों ने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए हैं, जिनमें साफ तौर पर लिखा है कि पानी की किल्लत के चलते कई लोग इन मोहल्लों में अपने पूर्वजों की जमीन और घर छोड़कर दूसरे इलाकों में पलायन कर गए हैं। जो रह गए हैं, उन्हें भी अन्यत्र बसने के अलावा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है।

पानी की टंकी के लिए लंबा इंतजार

सरकारी दावों के खोखलेपन की एक बानगी देखें कि चारभुजा मोहल्ला, कालानियों की गली, जोशियों की गली, चौधरियों की गली, लक्ष्मीनारायण मंदिर मोहल्ला आदि इलाकों में पानी की सप्लाई के लिए टंकी की स्वीकृति कई सालों पहले मिली थी, लेकिन यह टंकी स्थानीय राजनीति और लालफीताशाही का ऐसा शिकार हुई कि आज तक इसका काम शुरू नहीं हो पाया है।

व्यवसायी से गृहिणी तक सबकी एक ही मजबूरी

व्यवसायी पराग पोद्दार बताते हैं कि उनकी हवेली 250 साल पुरानी है। उनका परिवार चार पीढ़ियों से इसमें रह रहा है, लेकिन जब पानी ही नहीं आ रहा तो उन्हें मजबूरी में यह जगह छोड़नी पड़ेगी। हर जगह गुहार लगा चुके। वहीं, गृहिणी संतोष सैन की भी यही पीड़ा है। वे बताती हैं कि दो कनेक्शन हैं, लेकिन मजबूरी में टैंकर से पानी मंगवाते हैं।

चार साल पहले मकान बनवाया, अब बेचने की मजबूरी

ज्वेलर ललित सोनी का कहना है कि उन्होंने करीब चार साल पहले लाखों रुपए खर्च कर मकान बनवाया है। लंबे समय से पानी की सप्लाई के लिए टंकी बनने की चर्चा है, लेकिन अभी तक काम भी शुरू नहीं हुआ है। अब उन्होंने भी मकान बेचकर नया आशियाना तलाशने का मानस बनाया है।

सांभर की जनता से सौतेला व्यवहार: MLA

फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक विद्याधर चौधरी का कहना है कि भाजपा सरकार सांभर-फुलेरा की जनता से सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने दो बार विधानसभा में मुद्दा उठाया। पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी खुद स्वीकार कर चुके हैं कि डिमांड की तुलना में आधा ही पानी दिया जा रहा है। बीसलपुर से सांभर के बीच नई लाइन डालने का बहाना बनाकर सरकार सांभर की जनता को प्यासा रख रही है, जबकि गोविंदी के रास्ते पानी पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था भी वे खुद मंत्री को बता चुके हैं।

टेंडर में अड़चन है तो पता करेंगे: पूर्व MLA

फुलेरा से भाजपा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत का कहना है कि भाजपा सरकार आने के बाद ही अमृत योजना के तहत टंकी बनवाने की स्वीकृति मिली है। उसका टेंडर भी हो चुका है। अब कोई तकनीकी दिक्कत है तो पता करवाते हैं। प्रयास करते हैं कि जल्द टंकी बने। पानी की समस्या है। इसलिए वहां पलायन के पोस्टर लगे हैं।





लोग परेशान, इसलिए लगाए पोस्टर: SDM

सांभर एसडीएम अंजू वर्मा का कहना है कि पीएचईडी के सहायक अभियंता को जल्द स्थाई समाधान तलाशने के निर्देश दिए हैं। लोग परेशान हैं, इसलिए पोस्टर लगाए हैं।

ऊंचाई पर स्थित मोहल्लों में समस्या: संजय

पीएचईडी के सहायक अभियंता संजय का कहना है कि बीसलपुर से सांभर तक नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। आगे से ही पानी पर्याप्त नहीं मिल रहा है, जिन मोहल्लों में पानी की समस्या है। वे काफी ऊंचाई पर हैं। इसलिए पानी पहुंच नहीं पा रहा है। आज हमने सभी मोहल्लों का जायजा लिया है। इस समस्या का स्थाई समाधान खोज रहे हैं। इन मोहल्लों में पानी की सप्लाई के लिए एक टंकी बनना भी प्रस्तावित है।

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

शिक्षा किसी देश की प्रगति का मूल आधार: राज्यपाल बागडे

लक्ष्मण राघव। बेधड़क

बीकानेर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अच्छी शिक्षा पद्धति ही किसी देश को बलवान और चरित्रवान बनाती है, जिस देश की शिक्षा पद्धति बिगड़ती है, वह देश चारित्रिक रूप से कमजोर हो जाता है। वे सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश तकनीक के क्षेत्र में आरंभ से ही समृद्ध रहा है। अच्छे तकनीकी विशेषज्ञ तैयार करना तकनीकी विश्वविद्यालयों का कार्य है। बीकानेर का तकनीकी विवि देश को अच्छे तकनीकी विशेषज्ञ उपलब्ध करवाए। उन्होंने शिक्षा को किसी भी देश की प्रगति का मूल बताया और कहा कि एक हजार वर्षों में विदेशी आक्रांताओं ने देश की शिक्षा पद्धति को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस मौके पर विवि के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग, कुल सचिव रचना भाटिया, विधायक विश्वनाथ मेघवाल, ताराचंद सारस्वत, जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और एसपी कावेंद्र सागर सहित विवि स्टाफ, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे।



बीकानेर। छात्रा को डिग्री प्रदान करते राज्यपाल बागडे। साथ में वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, डिप्टी सीएम बैरवा व अन्य अतिथि।

ये सिर्फ डिग्री का कार्यक्रम नहीं

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा का सतत विकास हुआ है। आज राजस्थान देश भर में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत कार्यक्रम सिर्फ डिग्री प्राप्त करने का कार्यक्रम नहीं है, यह हमें हमारे दायित्वों का बोध करवाने वाला कार्यक्रम है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि स्टीम के आविष्कार से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की खोज तकनीक में आमूलचूल बदलाव आया है। भारत में भी इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। समारोह को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी संबोधित किया।

इनको मिली डिग्री

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 27 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस दौरान 4 हजार 80 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इनमें से बी-टेक की 3 हजार 14, एमबीए की 735, एससीए की 223, एमटेक की 90, बी डिजाइन की 8, बी आर्क की 1 व पीएचडी की 9 डिग्रियां शामिल रहीं।

राज्यपाल ने ली अधिकारियों की बैठक

इससे पहले राज्यपाल ने भीलवाड़ा में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा की। साथ ही, अधिकारियों को योजनाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए।

11 जनों को देंगे मरुधरा गौरव सम्मान

बेधड़क | जोधपुर

मरुधरा लोक कला संगीत और सेवा संस्थान की ओर से विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर 20 जून को राजस्थान के लोक कलाकारों को उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए मरुधरा गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

संस्थान अध्यक्ष डॉ. स्वाति शर्मा ने बताया कि सम्मानित होने वालों में चार पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हैं। इनमें नारायण सिंह माणकलाव, मोइनुद्दीन खान, अनवर खान और शीन काफ निजाम शामिल हैं।

इनके अलावा लोक गायिका इला अरुण, टीवी स्टार शैलेश लोढ़ा, कालबेलिया नृत्यांगना गुलाबो सपेरा, घूमर विशेषज्ञ सीमा राठौड़, शास्त्रीय संगीत विशेषज्ञ राजेंद्र वैष्णव, बसंत काबरा तथा राजस्थानी लोक गायकों को प्रोत्साहित करने वाले के.सी. मालू को सम्मानित किया जाएगा।



प्रदेश में कत्ल की तीन वारदात

चित्तौड़ में बजरी खनन, तो जैसलमेर में अवैध संबंध बने हत्या की वजह

- झालावाड़ में भाजपा नेता को धारदार हथियारों से मार डाला

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में तीन जगह हत्या की वारदातें हो गईं। इनमें चित्तौड़गढ़ में बजरी माफिया की आपसी रंजिश के चलते रिटायर्ड एएसआई के बेटे की, गोली मारकर, तो झालावाड़ में एक बिजनेसमैन की धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमले में हत्या कर दी गई। वहीं, जैसलमेर में देवर-भाभी के लव अफेयर की परिणति बड़े भाई की हत्या के रूप में हुई।

चित्तौड़गढ़ के कोतवाली इलाके के सेमलपुरा चौराहे पर रविवार देर रात रिटायर्ड एएसआई के बेटे की बजरी खनन से जुड़े विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस के अनुसार निम्बाहेड़ा निवासी अजयराज सिंह झाला (33) पुत्र शिवसिंह झाला अपने 3 दोस्तों ओमकार शर्मा, गजेंद्र सिंह चौहान और शैलेंद्र सिंह शेखावत के साथ होटल में खाना खा रहा था। इसी दौरान, मुंह पर गमछा बांधे करीब 25 लोग 7 गाड़ियों में सवार होकर वहां पहुंचे। उन्होंने होटल को घेरकर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें अजयराज को गोली लगी और वह नीचे गिर गया। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर झोपड़ा निवासी भैरूलाल गुर्जर और डेट निवासी डिग्गी राज सिंह ने अजय को उठाकर होटल की पहली मंजिल से नीचे खेत में फेंक दिया। हमलावरों ने जाते समय दो गाड़ियां में भी आग भी लगा दी। घटना के बाद सोमवार सुबह बड़ी संख्या में लोग अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने शव लेने से मना कर दिया। परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।



***चित्तौड़गढ़।** हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण।*

भाभी से अफेयर... युवक ने की बड़े भाई की हत्या

जैसलमेर। यहां भाभी के प्यार में छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी और शव को खेत में फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को उसकी भाभी के साथ गिरफ्तार कर लिया। घटना सदर थाना इलाके के भैरवा गांव में रविवार देर शाम हुई। सदर थाना पुलिस के प्रभारी बगडू राम ने बताया कि हत्या के आरोपी देवर-भाभी हैं। यशोदा (27) अपने पति हरदान राम (50) निवासी बाड़मेर को छोड़कर पति के भाई कालूराम (25) के साथ करीब एक साल से जैसलमेर के भैरवा गांव में ही लिव-इन में रह रही है।



कालूराम।

यशोदा।

धारदार हथियार से वार कर भाजपा नेता की हत्या

झालावाड़। जिले के मंडावर में सोमवार सुबह बदमाशों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर सीमेंट-बजरी कारोबारी की हत्या कर दी। मृतक लंबे समय से बीजेपी में सक्रिय नेता था। मंडावर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया कि बिजनेसमैन सुरेंद्र मेवाड़ा (48) सुबह करीब 7 बजे अपने खेत से घर की ओर जा रहा था। रास्ते में अज्ञात बदमाशों ने मेवाड़ा पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। परिजनों ने घायल हालत में सुरेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें, मेवाड़ा का नाम झालावाड़ के चर्चित सत्तू चौधरी हत्याकांड से भी जुड़ा था, जिसमें सुरेंद्र मेवाड़ा सहित हत्याकांड के 6 आरोपियों को ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने सजा को निलंबित कर सभी को जमानत दे दी थी।



जिफ की 2 से 7 मिनट मूवी मेकिंग प्रतियोगिता की घोषणा, फिक्शन या नॉन-फिक्शन फिल्म बनाकर कर सकेंगे पार्टिसिपेट

लाइट्स, कैमरा... एक्शन से युवाओं के लिए स्किल्स निखारने का मौका

बेधड़क. जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) 2 से 7 मिनट मूवी मेकिंग प्रतियोगिता-2025 का आयोजन करेगा। यह प्रतियोगिता उन युवा और महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं के लिए मंच है, जो स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय से हैं और अपनी कहानी को स्क्रीन पर प्रस्तुत करना चाहते हैं। छात्रों को फिल्म निर्माण की प्रक्रिया से परिचित कराने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। छात्र किसी भी विषय पर आधारित फिक्शन या नॉन-फिक्शन फिल्म बनाकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।



हर टीम में 4 से 10 स्टूडेंट

हर टीम में 4 से 10 छात्र शामिल हो सकते हैं, चाहें वह किसी भी शैक्षणिक विषय से हों। फिल्म की अवधि न्यूनतम 2 मिनट और अधिकतम 7 मिनट होनी चाहिए। फिल्म की शूटिंग मोबाइल फोन, वीडियो कैमरा आदि से की जा सकती है। फिल्म सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गई है और परिणामों की घोषणा अगस्त में की जाएगी।

5 से 21 सर्वेश्रेष्ठ फिल्में होंगी सम्मानित

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक निदेशक हनु रोज ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रविष्टियों की गुणवत्ता और संख्या के आधार पर 5 से 21 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पुरस्कार राशि एक लाख रुपए होगी व विनर्स को सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। साथ ही सबसे लोकप्रिय फिल्म को 'ऑडियंस चॉइस अवार्ड' से नवाजा जाएगा। हनु रोज ने बताया कि सम्मानित फिल्मों को जिफ-2026 (9 से 13 जनवरी-2026) के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, जिफ और नई दिल्ली फिल्म फेस्टिवल के लिए निशुल्क डेलीगेट रजिस्ट्रेशन दिया जाएगा। वहां युवा फिल्मकार फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों, फिल्म निर्माताओं और फेस्टिवल प्रतिनिधियों से मिलकर नेटवर्किंग करेंगे।

Events

प्रो. डॉ. राजीव को किया सम्मानित



बेधड़क. जयपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गोविंद देव जी मंदिर में आयोजित गायत्री यज्ञ व सम्मान समारोह में प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना को 'नशा मुक्ति आंदोलन पुरोधा सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से नशा मुक्ति के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. सक्सेना ने विभिन्न नशा मुक्ति शिविरों के माध्यम से व्यसनी लोगों को प्रेरित किया और चिकित्सकीय सहयोग भी दिया। उन्हें यह सम्मान महंत अंजन कुमार गोस्वामी, स्वामी अवधेशाचार्य महाराज और विधायक गोपाल शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। वर्तमान में प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

पक्षियों के लिए लगाए 101 परिंडे



बेधड़क. जयपुर। सांगानेर के वार्ड 89 में पार्षद गिर्राज शर्मा के नेतृत्व में 'परिंडा बांधो, प्यास बुझाओ' अभियान की शुरुआत की गई। इस पहल के तहत लोगों ने पक्षियों के लिए 101 परिंडे लगाए और 1100 परिंडे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लोगों ने न सिर्फ पक्षियों की सेवा का संकल्प लिया, बल्कि पौधरोपण कर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का भी प्रण लिया। इस मौके पर युवा पीढ़ी को भी अभियान से जोड़ा गया और उन्हें इसके महत्व से अवगत कराया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण और जीव-जंतुओं के संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना है।

किसान नेता ओम तंवर को श्रद्धांजलि



बेधड़क. जयपुर। मुहाना मंडी में सोमवार को किसान नेता ओम तंवर की 9वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मंडी परिसर में कार्यरत किसान, व्यापारी और मजदूरों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके योगदान को याद किया। ओम तंवर ने मुहाना मंडी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने मंडी की संरचना और सुविधाओं को लेकर सरकार को अहम सुझाव दिए। इससे पूर्व वे देशभर की मंडियों का दौरा कर चुके थे। वे लालकोठी और मुहाना मंडी के अध्यक्ष भी रहे। जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत छाछ वितरण से हुई। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ व्यापारियों और किसानों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंडी में कार्यरत सफाई, सीवरेज, जलदाय व सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों को साड़ी और दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

बाल श्रम उन्मूलन पर संवाद एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलीं राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार...

बाल श्रम रोकने के लिए सामूहिक चेतना जरूरी, सभी को करना होगा सहयोग

बेधड़क | जयपुर

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून) के उपलक्ष्य में सोमवार को बाल अधिकारिता विभाग और राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से एक दिवसीय संवाद एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में साझा रणनीति विकसित करना और विभिन्न विभागों व संस्थाओं के प्रतिनिधियों को जागरूक व प्रशिक्षित करना था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि राज्य सरकार 2030 तक राजस्थान को बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के पीछे गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, माता-पिता की खराब सेहत जैसे कई कारण हैं। बच्चों को शिक्षा से जोड़कर और उन्हें प्रारंभिक अवस्था से ही कौशल विकास से जोड़ा जाए, तो उन्हें बाल श्रम से बचाया जा सकता है। डॉ. बाघमार ने कहा कि यदि सड़क किनारे कोई गरीब व्यक्ति कुछ सामान बेच रहा हों, तो लोगों को उनसे सामान खरीदकर उनका सहयोग करना चाहिए, ताकि उनके बच्चों को मजदूरी न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए सामूहिक चेतना जरूरी है और समाज के सभी वर्गों को मिलकर इसके विरुद्ध कार्य करना होगा। कार्यक्रम के दौरान 'बाल श्रम मुक्त राजस्थान' पोस्टर का विमोचन किया गया।



कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों और लोगों को बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार बाल श्रम रोकने में योगदान देने की शपथ दिलाते हुए।

सामाजिक सहभागिता की जरूरत: अग्रवाल

बाल अधिकारिता आयुक्त बचनेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी जरूरी है। कमजोर वर्गों को शिक्षा, पोषण, और आर्थिक सहयोग देकर ही बच्चों को बाल श्रम से बचाया जा सकता है। इस कार्यशाला में यूनिसेफ के चाइल्ड प्रोटेक्शन विशेषज्ञ संजय निराला, सेव द चिल्ड्रन के निदेशक संजय शर्मा, पुलिस, श्रम विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं और विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने सुझाव और अनुभव साझा किए।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता

कार्यक्रम में टाबर संस्था के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर समाज को संदेश दिया कि 'हम भी पढ़ना चाहते हैं।' नाटक में यह दिखाया गया कि बाल श्रम कहां-कहां होता है और इसे रोकने के लिए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर जानकारी दी जा सकती है।

सरकारी प्रयासों की दी जानकारी

अतिरिक्त मुख्य सचिव (बाल अधिकारिता) कुलदीप रांका ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में टास्क फोर्स गठित की है, जिनकी मदद से बाल श्रमिकों की पहचान कर उन्हें रेस्क्यू किया गया और पुनर्वास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं प्रदान की गईं। रांका ने वैश्विक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि दुनिया के 61 प्रतिशत बाल श्रमिक एशिया में हैं, 31 प्रतिशत अफ्रीका में और 7 प्रतिशत लैटिन अमेरिका में। भारत में संविधान के अनुच्छेद 24 के अनुसार बाल श्रम निषेध है। 2016 में कानून संशोधित कर स्पष्ट किया गया कि परिवार के व्यापार या चाइल्ड आर्टिस्ट के अलावा किसी भी कार्य में संलग्न बच्चा बाल श्रमिक माना जाएगा।

मेयो एलुमिनाई एसोसिएशन का कार्यक्रम

नेटवर्किंग ईव में साझा की यादें



बेधड़क | जयपुर

मेयो एलुमिनाई एसोसिएशन, जयपुर चैप्टर की ओर से पूर्व छात्रों के लिए एक खास नेटवर्किंग इवेंट का आयोजन किया गया। रेस्टोरेंट 'नूबा' में आयोजित इस पार्टी में आर्किटेक्ट्स और डिजाइनर्स शामिल हुए, जो इन दिनों जयपुर में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल डिजाइन कॉन्क्लेव (आईआईडीसी) में भाग लेने आए हैं। शाम को साफा बांधने की प्रतियोगिता और डीजे म्यूजिक ने माहौल को और भी आनंददायक बना दिया। इस दौरान पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव और पुरानी यादें साझा कीं। कार्यक्रम में मेयो कॉलेज ओल्ड बॉय सोसाइटी अध्यक्ष कर्नल भवानी सिंह, विजित सिंह, जयपुर चैप्टर अध्यक्ष जगदीप सिंह और सचिव पृथ्वी सिंह भी मौजूद रहे।

॥ श्री गणेशाय नमः॥

॥ शुभारंभ ॥

बीकानेर हार्ट एण्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



दिनांक : 05 जून 2025, गुरुवार, सुबह 11:15 बजे
पता : C-53, मेडीकल कॉलेज चौराहा के पास, सादुलगंज, बीकानेर

मुख्य अतिथि :
श्री अर्जुनराम जी मेघवाल
(कानून एवं न्याय मंत्री, भारत सरकार)

अध्यक्षता :
श्री गजेन्द्र सिंह जी खींवसर
(चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार)

अति विशिष्ट अतिथि :
श्री सुमित जी गोदारा
(कैबिनेट मंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार)

विशिष्ट अतिथि :
श्री रामगोपाल जी सुथार (अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड, राज्य मंत्री राजस्थान सरकार, भाजपा जिला संगठन प्रभारी)
श्री जेठानन्द जी व्यास (विधायक, बीकानेर पश्चिम)
सुश्री सिद्धि कुमारी जी (विधायक, बीकानेर पूर्व)
श्री ताराचंद जी सारस्वत (विधायक, श्री डूंगरगढ़)
श्री अंशुमानसिंह जी भाटी (विधायक, कोलायत)
श्री विश्वनाथ जी मेघवाल (विधायक, खाजूवाला)
श्री अजीत जी मांडण (प्रदेश सचिव, भाजपा)
श्री गोपाल जी गहलोत (पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा)
श्री कानाराम जी कुलरिया, श्री शंकरलाल जी कुलरिया, श्री धर्मचन्द जी कुलरिया
(संस्थापक - प्रबंध निदेशक पदम ग्रुप ऑफ कम्पनी)
श्री याकूब अली जी, श्री अयूब अली जी, श्री राजा मोहम्मद जी, श्री वली मोहम्मद जी)

सानिध्य :
श्री श्री श्री १००८ अनंत विभूषित राष्ट्रसंत सुविज्ञ् युगऋषि श्रीविद्या ज्योतिर्विद् परम् पूज्य दाताश्री रामेश्वरानंद जी महाराजश्री
(अधिष्ठाता पीठाधीश्वर ब्रह्म गायत्री सेवाश्रम (रजि.) तपोभूमिः सागर (बीकानेर)

प्रेरणास्त्रोत :
गौलोकवासी गौसेवी संत श्री पदमाराम जी कुलरिया

विनीत :
डॉ. जयकिशन सुथार : डायरेक्टर (कार्डियक थेरोसिक)
डॉ. सुरेन्द्र पूनिया : डायरेक्टर (कार्डियोलोजी)
डॉ. अनिश राजा : डायरेक्टर (मेडिकल सुपरिटेंडेंट)
डॉ. अमिताभ सुथार : डायरेक्टर (ऑर्थोपेडिक्स)
डॉ. अनिल खत्री : डायरेक्टर (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी)
डॉ. गिरीश तंवर : डायरेक्टर (क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट)
डॉ. कृष्ण पूनिया : डायरेक्टर (गायनोकॉलोजिस्ट)

समस्त परिवारजन एवं मित्रगण

किड्स फैशन शो | ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

नितिन और शनाया के टैलेंट ने बनाया विजेता

बेधड़क | जयपुर

अजमेर हाईवे स्थित होटल गोल्डन ईगल में हेरिटेज किड्स फैशन शो (एचकेएफएस) सीजन-3 का ग्रैंड फिनाले धूमधाम से आयोजित हुआ। नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों ने रैंप पर आत्मविश्वास और मासूमियत के साथ टैलेंट का शानदार प्रदर्शन किया। शो में नितिन सोनी को मिस्टर एचकेएफएस और शनाया गोयल को मिस एचकेएफएस का खिताब मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मूर्तिकार मुकेश अर्जुन प्रजापति, चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी, अर्चना, विपिन, जितेन्द्र, निखिल और अविनाश (अनन्य सोच एनजीओ) ने की। शनाया की गणेश वंदना और अर्विक की डांस परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया।





तीन राउंड में टफ रहा कॉम्पटिशन


शो के दौरान बच्चों ने तीन राउंड सिंगल, ग्रुप और मॉम-बेटा-बेटी राउंड में रैंप वॉक कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शो की ऑर्गनाइजर अर्चना बैराठी रहीं, जबकि कोरियोग्राफी अलका श्रीवास्तव ने की। फ्लोरल थीम पर आधारित शो में 2 से 15 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की फोटोग्राफी सेलेब्रिटी फोटोग्राफर देशराज सिंह ने की। जूरी पैनल में ईशा कोहली, तन्वी कौशिक, हर्शिका शर्मा और राधिका सैन शामिल रहीं। कार्यक्रम में बसंत बैराठी, नरेंद्र उपाध्याय, निर्मला बैराठी, रवि शर्मा, सुमन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

अकेले तेलंगाना में 1,023 से अधिक लोगों ने की आत्महत्या

युवाओं की बर्बादी की डिजिटल लत 'ऑनलाइन गेमिंग'



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> *बॉलीवुड और टॉलीवुड के 25 से अधिक अभिनेता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इन एप का प्रचार कर रहे हैं, जिससे बच्चों को इसकी ओर आकर्षित किया जा रहा है। यहां तक कि कुछ पूर्व क्रिकेटर भी इन एप का प्रचार कर रहे हैं, जिससे युवाओं में इनकी लत बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना में इन इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, क्योंकि यह आचरण मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।*

हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने ऑनलाइन गेमिंग एप के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता जताई है और इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि 'विद्यार्थी मर रहे हैं, सरकार क्या कर रही है...? मामले को 'विश्राम' में न लें!' 23 मई 2025 को ही सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी एप की बिक्री पर रोक लगाने की बात कही थी और केंद्र सरकार से इस पर एक विस्तृत जवाब (पीआईएल) मांगा है। असल में, यह कदम किशोरों और बच्चों पर इन एप्लीकेशनों के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी की लत के कारण विशेष रूप से तेलंगाना में सैकड़ों छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अकेले तेलंगाना में 1,023 से अधिक लोगों ने आत्महत्या की है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि आज बॉलीवुड और टॉलीवुड के 25 से अधिक अभिनेता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इन एप का प्रचार कर रहे हैं, जिससे बच्चों को इसकी ओर आकर्षित किया जा रहा है। यहां तक कि कुछ पूर्व क्रिकेटर भी इन एप का प्रचार कर रहे हैं, जिससे युवाओं में इनकी लत बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार तेलंगाना में इन इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, क्योंकि यह आचरण मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि कानून बनाना हमेशा ऐसे सामाजिक विकारों पर रोक लगाने का उपाय नहीं हो सकता। न्यायाधीश सूर्यकांत ने टिप्पणी की, 'सैद्धांतिक रूप से हम आपके साथ हैं कि इसे रोका जा सकता है... लेकिन आप यह सोचने की भूल न करें कि केवल कानून बनाकर इसे रोका जा सकता है। जैसे हम हत्या को पूरी तरह से नहीं रोक सकते, वैसे ही डकैती और जुए को भी नहीं।' इतना ही नहीं, कोटा में आत्महत्याओं पर भी कोर्ट ने राजस्थान सरकार से जवाब मांगा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने गेमिंग एप के कारण दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई में सट्टेबाजी के कारण युवाओं के पतन और कोचिंग एवं शिक्षा व्यवस्था में छात्रों की आत्महत्या के प्रकरणों पर चिंता और नाराजगी जाहिर की है।

> ***न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की पीठ कोटा और खड़गपुर में छात्रों की मौत के मामलों की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान कोटा में एक अंतिम संस्कार के मामले में एफआईआर दर्ज न करने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। खड़गपुर आईआईटी में छात्र की मौत के मामले में गिरफ्तारी में देरी पर कोर्ट ने पूछा कि 'एफआईआर दर्ज करने में चार दिन क्यों लगे?' बेंच ने कहा कि 'कोटा में इस वर्ष 14 छात्रों की आत्महत्याएं हो चुकी हैं, सरकार क्या कर रही है? कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे हैं?'***

पाठकों को ज्ञात होगा कि कोटा शिक्षा नगरी के रूप में पूरे देश में विख्यात है और यहां विभिन्न राज्यों से छात्र नीट और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं, लेकिन कोटा में पिछले कुछ वर्षों से छात्रों की आत्महत्याओं की खबरें लगातार आ रही हैं। कोर्ट ने कोचिंग हब बने कोटा में छात्रों की आत्महत्या पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की पीठ कोटा और खड़गपुर में छात्रों की मौत के मामलों की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान कोटा में एक अंतिम संस्कार के मामले में एफआईआर दर्ज न करने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। खड़गपुर आईआईटी में छात्र की मौत के मामले में गिरफ्तारी में देरी पर कोर्ट ने पूछा, 'एफआईआर दर्ज करने में चार दिन क्यों लगे?' बेंच ने कहा 'कोटा में इस वर्ष 14 छात्रों की आत्महत्याएं हो चुकी हैं, सरकार क्या कर रही है? कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे हैं?' यह कहना अनुचित नहीं होगा कि ऑनलाइन गेमिंग सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहा, बल्कि युवाओं में एक गंभीर लत बन गई है। शोध और रिपोर्ट्स से यह सामने आया है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण किशोर और युवा मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या तक कर रहे हैं। इस खेल में कंप्यूटर, मोबाइल फोन, लैपटॉप जैसे उपकरणों का प्रयोग किया जाता है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक मुद्राओं का भी प्रचलन है।

भारत आज विश्व के सबसे बड़े डिजिटल उपभोक्ताओं में शामिल है। यदि आंकड़ों की बात करें तो एक अनुमान के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑनलाइन गेमिंग वर्ष 2026-27 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक का योगदान दे सकते हैं। भारत में ऑनलाइन गेमिंग और जुए के नियंत्रण की बात करें तो संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची II (राज्य सूची) के अनुक्रमांक 34 के तहत राज्य विधानमंडल को इस पर कानून बनाने का विशेष अधिकार है। भारत में सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 इस विषय में लागू है, पर यह काफी पुराना है और डिजिटल जुए पर इसकी पकड़ कमजोर है।

शिक्षा मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2021 को ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभावों पर एक परामर्श जारी किया था। इसके बाद, 10 दिसंबर, 2021 को बच्चों के लिए एक और चेतावनी जारी की गई थी, जिसमें अभिभावकों, शिक्षकों और संस्थानों को ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले मानसिक और शारीरिक नुकसान के प्रति बच्चों को जागरूक करने की सलाह दी गई थी। ऑनलाइन गेमिंग जहां एक ओर आर्थिक संभावनाएं लेकर आया है, वहीं दूसरी ओर यह युवाओं के मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक जीवन को बर्बाद कर रहा है। बच्चे पढ़ाई से विमुख हो रहे हैं और अतिवादी कदम तक उठा रहे हैं। यह केवल वित्तीय धोखाधड़ी को नहीं बढ़ा रहा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। यह समय की मांग है कि भारत सरकार ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए सख्त और समकालीन कानून बनाए और समाज को इस नशे से बचाने के लिए जागरूकता फैलाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

व्यंग्य

भ्रष्टाचार की कचोरी



रामविलास जांगिड़
व्यंग्यकार

मंत्रीजी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली, कुरकुरी कचोरी की पीयूषमयी वाणी जैसे ही कर्ण में प्रविष्ट होती है, मंत्रीजी आनंदमग्न हो जाते हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चंद्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी-भक्षण की हींगमयी, सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्रीजी के हृदय के समस्त दुखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं हैं। बैठे-बैठे ही दलाल से पूछते हैं, 'तात! तूं कचोरी कहां से लायो? परम प्रिय कचोरी बचन सुनायो?' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत-सत्कार तक नहीं किया जाता! न कोई प्रणाम, न अभिनंदन! इस समय मंत्रीजी की स्थिति बड़ी दारुण हो चली है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद हैं। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने को लालायित। कोरोना महाकल्प में कचोरी-नाद सुन minister-ji अचानक समस्त सुखों के स्वामी बन जाते हैं। उसी समय, सारंग-राग के समान मधुर स्वर में कानों में कचोरी-नाद गूंजता है, 'मंगलमय, रसमय, जिह्वा-सुंदरी कचोरी सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है!' दलाल, अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए, मंत्रीजी का अनेकों प्रकार से स्तुतिगान कर रहा है, किन्तु कचोरी-प्रेमी मंत्रीजी को यह सन्देह भी सताता है कि कहीं मेरी व्याकुलता, मेरी कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति, कोई भ्रम तो नहीं रच रही? पर हृदय कहता है, 'कल्पना ही सही!' नेत्र भय के मारे नहीं खुलते, कहीं सचमुच यह भ्रम सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें भय होता है कि यह मानसिक भ्रम की ही अवस्था न हो। कोई विरहिणी नायिका शयन-कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्नरत है। उसे नगर की विविध थड़ियों पर कचोरी चाटने का दिव्य स्वाद सता रहा है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरी-आतुर नायिका जागने का उपक्रम करती है, किन्तु भावमयी मृग-नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती। क्यों? क्या रूठ गई है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? स्वप्न में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है, 'सोवत-सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! पुरानी मंडी की चाट-कचोरी की व्यथा-दर्द में नायिका मूर्छित है। कचोरी के विरह में वह अपनी सुध-बुध खो बैठी है। वह अपने प्रियतम से कह रही है, 'हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलन करा दो।' 'मत सपना होइ जाय!' कहीं यह कचोरी-दर्शन स्वप्न न सिद्ध हो जाए? दलाल-देवता भ्रष्टाचार की कचोरी के लिए व्यवस्था कर रहा है। मंत्रीजी भ्रष्टाचार की कचोरी खाने के लिए आकुल हैं, व्याकुल हैं, बड़े आतुर हैं।

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP



दक्षिण कोरिया में आयोजित 'एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025' में भारतीय दल द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समस्त प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं।

राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा
@RahulGandhi



पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद है। इस त्रासदी के कारण गुवाहाटी में हालात बेहद चिंताजनक हैं। जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। मैं, केंद्र और राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि राहत और बचाव कार्यों को तेज किया जाए और हर जरूरतमंद तक तुरंत सहायता पहुंचाई जाए। कांग्रेस के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि हर प्रभावित व्यक्ति की मदद के लिए राहत कार्यों में हर संभव सहायता प्रदान करें।

दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री राजस्थान
@KumariDiya



दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदकों सहित कुल 24 पदक जीतकर भारतीय एथलेटिक्स टीम द्वारा दूसरा स्थान प्राप्त करना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। आपके अथक परिश्रम, समर्पण और संघर्ष ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत वैश्विक खेल मंच पर निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अपार सफलता के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मदन राठौड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष
madanrrathore



आज जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मोदी सरकार के 11 साल "संकल्प से सिद्धि तक" की प्रदेश कार्यशाला आयोजित हुई। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास, नवाचार और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

नॉलेज कॉर्नर: शिशु से संवाद सिर्फ बात नहीं, भाषा के विकास की नींव भी

मां की आवाज से शुरू होता है बच्चे की भाषा का सफर

शिशु मस्तिष्क विशेषज्ञों का कहना है कि यह सवाल केवल संवाद का नहीं, भविष्य की भाषा दक्षता और संज्ञानात्मक विकास का भी है। जब आप अपने बच्चे से बात करते हैं, तो दरअसल आप उसके मस्तिष्क को एक जटिल, लेकिन सुंदर भाषा संसार से परिचित करा रहे होते हैं। शोध से पता चलता है कि शिशु गर्भ में ही अपनी मां की आवाज और कुछ भाषा ध्वनियों से परिचित हो जाते हैं। जन्म के बाद वे उन्हीं जानी-पहचानी आवाजों को पहचानते हैं और सुनना पसंद करते हैं। जब शिशु माता-पिता की गोद में होता है और उनकी परिचित आवाजें सुनता है, तो उसके लिए यह एक सुरक्षित और शिक्षाप्रद माहौल बन जाता है। यह वातावरण न केवल भावनात्मक सुरक्षा देता है, बल्कि भाषा सीखने का आधार भी बनाता है। बच्चे इन ध्वनियों, हाव-भाव और आंखों के संपर्क से संवाद के पैटर्न समझते हैं और धीरे-धीरे उनकी अपनी भाषा बनने लगती है।

'पैरेंटीज': शिशु से संवाद का प्राकृतिक तरीका

शिशुओं से बात करते समय माता-पिता और देखभालकर्ता स्वाभाविक रूप से जिस भाषा शैली का प्रयोग करते हैं उसे 'पैरेंटीज' (Parentese) कहा जाता है। यह विशेष शैली उच्च पिच वाली आवाज में होती है। धीमे और गाने जैसी लय में होती है। सरल और दोहराए गए शब्दों से बनी होती है। चेहरे के भावों और हाव-भावों के साथ होती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि शिशु इस प्रकार के भाषण को सामान्य भाषा की तुलना में अधिक पसंद करते हैं। यह न सिर्फ ध्यान आकर्षित करता है, बल्कि ध्वनियों और शब्दों की पहचान करने में भी मदद करता है।



बच्चे की रुचियों पर ध्यान देना है महत्वपूर्ण

जैसे-जैसे शिशु बड़ा होता है, उसकी रुचियों में बदलाव आता है। विशेषज्ञ जेन हर्बर्ट के अनुसार शिशु की नौ महीने की उम्र से आप जिस चीज की ओर वह देख रहा है, खेल रहा है या इशारा कर रहा है, उस पर बातचीत करना उसके भाषा सीखने की क्षमता को बढ़ावा देता है। यह 'बच्चा-केंद्रित संवाद' बच्चे को यह समझाने में मदद करता है कि शब्दों का संबंध किस वस्तु या गतिविधि से है।

संवाद के अन्य माध्यम भी जरूरी

सिर्फ बातचीत ही काफी नहीं है। कई गतिविधियां शिशु के भाषा विकास को मजबूत करती हैं। गाने, लयबद्धता और शब्दों की पुनरावृत्ति से सीखने में सहायता करता है। जोर-जोर से पढ़ना, कहानी सुनाना भाषा और कल्पना का परिचय कराता है। संवादात्मक खेल बच्चे के सोचने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता बढ़ाते हैं। विशेषज्ञों का सुझाव है कि रोजाना सिर्फ 15 मिनट का केंद्रित संवाद या गतिविधि भी शब्दावली विकास में बड़ा फर्क ला सकती है। शोधों में पाया गया कि 11 महीने की उम्र से की गई ये गतिविधियां 15 से 18 महीने की उम्र में शब्दों की संख्या और समझ को बढ़ाती हैं। कई माता-पिता को लगता है कि अगर वे अकेले बात कर रहे हैं तो वह अजीब है या शायद जरूरी नहीं, लेकिन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह संवाद ही बच्चे के मस्तिष्क को प्रशिक्षित करता है।

भाषा की पहली पाठशाला

जब आप अपने बच्चे से मुस्कुराकर, सुर में, भाव से और उसके आस-पास की चीजों के बारे में बात करते हैं, तो आप एक मजबूत संचारक और समझदार व्यक्ति के निर्माण की नींव रख रहे होते हैं, तो बात कीजिए, गाकर, खेल कर, कहानी सुना कर, क्योंकि यही है भाषा की पहली पाठशाला! -कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

शशि थरूर के बाद कांग्रेस के निशाने पर आए सलमान खुर्शीद ने सोशल मीडिया पर साझा की अपनी पीड़ा

क्या देशभक्त होना इतना कठिन है! निष्ठा का हो रहा आकलन: खुर्शीद

एजेंसी । नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडलों में से एक में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को कहा कि यह दुखद है कि देश में लोग राजनीतिक निष्ठाओं का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद जदयू नेता संजय झा की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। यह प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, इंडोनिशया और मलेशिया की यात्रा पर गया है। खुर्शीद ने यह बात ऐसे वक्त में साझा की है, जब वह विदेशों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की तारीफ कर रहे हैं। शशि थरूर के बाद सलमान खुर्शीद ऐसे दूसरे बड़े कांग्रेसी नेता हैं, जो इस दौरे को लेकर अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाने पर हैं।

खुर्शीद ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि जब आतंकवाद के खिलाफ अभियान चल रहा हो तो क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? उन्होंने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के माध्यम से आतंकवाद से निपटने की भारत की कोशिशों के बीच राजनीतिक विभाजन पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद पर अपने रुख को वैश्विक स्तर पर बताता है, जबकि देश में कुछ लोग एकता के बजाय उनकी राजनीतिक निष्ठाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इससे पहले रविवार को खुर्शीद ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकीकृत रुख पर प्रकाश डाला था और आतंकवाद के खात्मे के लिए विश्व समुदाय से सहयोग की अपील की थी, ताकि दुनिया भर में शांति और समृद्धि कायम हो सके।



भारत से गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद इंडोनेशिया के जकार्ता में।

यह बात कही खुर्शीद ने विदेशी धरती पर

खुर्शीद ने रविवार को इंडोनेशिया में थिंक टैंक के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि कश्मीर में लंबे समय से बड़ी समस्याएं थीं और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से आखिरकार इनका अंत हो गया। इसके बाद से जम्मू कश्मीर में समृद्धि आई है। साथ ही, लोकतांत्रिक प्रगति भी हुई है।

लोग पूछ रहे हैं जहां भाजपा, वहां मैं क्या कर रहा हूं

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बाद में सलमान खुर्शीद ने कहा कि उन्हें लगातार कई सवालों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि जब आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं तो ये बहुत उत्साहजनक नहीं होते हैं। लोग कहते रहते हैं, आप ऐसे प्रतिनिधिमंडल में क्या कर रहे हैं, जहां भाजपा के लोग हैं। आप वहां क्या कर रहे हैं?' हम यहां क्या कर रहे हैं? हम यहां वही कर रहे हैं जो देश के लिए जरूरी है। चाहे आप किसी भी पार्टी से हों, आज देश के पक्ष में बोलने के लिए एक आवाज की जरूरत है, और हम यहां वही कर रहे हैं। जब मैं यह कहता हूं तो मुझे लगता है कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? तो यह सवाल उन लोगों से पूछा जाना चाहिए जो ट्वीट कर रहे हैं और ऐसी बातें कह रहे हैं, जो मुझे लगता है कि देश के लिए कुछ करने के लिए बहुत उत्साहजनक नहीं हैं।

यौन उत्पीड़न केस में दोषी को 30 साल की कैद

चेन्नई। चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के मामले में दोषी करार दिए गए ज्ञानशेखरन को सोमवार को बिना किसी छूट के न्यूनतम 30 साल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला अदालत की न्यायाधीश एम. राजलक्ष्मी ने 28 मई को ज्ञानशेखरन को मामले में दोषी ठहराया था। न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष द्वारा उसके खिलाफ साबित किए गए 11 आरोपों के संबंध में सजा सुनाई।

RTI आवेदनों के लिए ई-मेल सत्यापन 16 से

नई दिल्ली। केंद्र 16 जून से सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत सभी आवेदनों के लिए 'वन-टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) के माध्यम से ई-मेल सत्यापन व्यवस्था पर अमल करेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों की गोपनीयता और डेटा सुरक्षा को और सशक्त करना तथा पोर्टल के साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना है।

असम में निर्वासन अभियान पर विचार से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के समाप्त हुए बिना संदिग्ध विदेशी लोगों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। न्यायाधीश संजय करोल और न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में गुवाहाटी हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा, ''आप गुवाहाटी उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे हैं?

पराग्वे के राष्ट्रपति पालासियोस तीन दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे

भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट: पीएम मोदी

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं।

मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की। पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस नई दिल्ली में सोमवार को हैदराबाद हाउस में एक बैठक के दौरान मुलाकात करते हुए।

भारत-पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों देशों के संयुक्त राष्ट्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा और आतंकवाद का मुकाबला करने सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर समान विचार हैं।

सहयोग के अवसरों पर नजर

पीएम मोदी ने कहा कि हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है।

गवर्नर पद से हटाने की अटकलों को किया खारिज

बंगाल की प्रतिष्ठा की बहाली के लिए करूंगा काम: बोस



एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने पद से हटाए जाने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वे राज्य की खोई हुई प्रतिष्ठा को बहाल करने और इसे हिंसा मुक्त बनाने के अपने प्रयास में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे।

हृदय संबंधी समस्या के कारण लगभग एक महीने तक अस्पताल में रहने के बाद 29 मई को राजभवन में पुनः कार्यभार संभालने वाले बोस ने कहा कि वह विभिन्न समुदायों के बीच सौहार्द की भावना को वापस लाने के लिए जल्द ही राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करना शुरू करेंगे, जिनमें मुर्शिदाबाद और मालदा के हिंसा प्रभावित क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'बंगाल ने मुझे नया जीवन दिया है। मैं गांवों में जाकर विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारा और दोस्ती स्थापित करने के लिए काम करूंगा तथा हिंसा के खिलाफ लड़ूंगा। मेरे पास करने के लिए बहुत काम है।' बोस ने स्वीकार किया कि वे इस तरह की अटकलों से थोड़ा परेशान थे, लेकिन दिल्ली में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों ने उन्हें इन पर ध्यान न देने की सलाह दी है।

राज्यपाल ने कहा, 'मेरा मिशन बंगाल के लोगों के बीच अधिक से अधिक जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। मेरा उद्देश्य हिंसा मुक्त बंगाल की स्थापना के लिए अथक प्रयास करना है।' उन्होंने कहा कि अब वे बिलकुल ठीक महसूस कर रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन तक काम के बोझ से मुक्त रहने की सलाह दी है। बोस ने कहा कि अप्रैल में वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में हुई हिंसा की घटनाओं ने उन्हें बहुत परेशान कर दिया था।

अयोध्या: राम मंदिर परिसर में विभिन्न मंदिरों में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू

बेधड़क । अयोध्या (उप्र)

अयोध्या के भव्य राम मंदिर के राम दरबार और परिसर के अन्य मंदिरों में मंगलवार से शुरू हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एक बयान के अनुसार राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना सहित परकोटे में स्थित छह अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अति विशिष्ट लोग शामिल होंगे। अनुष्ठान की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई।

आज और कल होंगे अनुष्ठान, मुख्य समारोह 5 को

3 और 4 जून को सुबह 6:30 बजे से 12 घंटे तक अनुष्ठान होंगे, जिसमें 1975 मंत्रों के साथ अग्नि देवता को आहुति दी जाएगी। इसके साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। मुख्य समारोह 5 जून को होगा, जिसमें राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना होगी। राम दरबार और किला परिसर में बने मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा 5 जून को होनी है।

मंदिरों के लिए अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि भव्य राम मंदिर के राम दरबार और परिसर के अन्य मंदिरों में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए एक अभेद्य सुरक्षा और प्रबंधन योजना तैयार की गई है। सोमवार शाम से ही उप्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते के कमांडो ने आधा दर्जन बख्तरबंद वाहनों के साथ 'रेड जोन' में मंदिर परिसर की सुरक्षा की कमान संभाल ली है। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि मंदिर परिसर में चौबीसों घंटे निगरानी की योजना बनाई गई है।

समारोह के लिए अयोध्या न आने की अपील

ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने एक बयान में लोगों से अपील की है कि वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खबर सुनकर अयोध्या न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिर्फ रामलला के दर्शन की इच्छा रखने वाले श्रद्धालु ही अयोध्या आएं। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

आर मुकुंदन अध्यक्ष पद पर नामित, सुचित्रा बनीं उपाध्यक्ष

राजीव मेमानी बने CII के नए अध्यक्ष

बेधड़क । नई दिल्ली

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की नवगठित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। ईवाई इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ राजीव मेमानी ने 2025-26 के लिए सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है। टाटा केमिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ आर मुकुंदन अध्यक्ष अध्यक्ष-पदनाम (मनोनीत अध्यक्ष) का पदभार संभाला, जबकि भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड की सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. सुचित्रा के एला ने उपाध्यक्ष का पदभार संभाला। मेमानी आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी का स्थान लेंगे। मेमानी ईवाई ग्लोबल एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य भी हैं और इसके ग्रोथ मार्केट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। मुकुंदन वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ के उपाध्यक्ष थे। वह 2013-14 में CII पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष थे। सुचित्रा के एला ने 2025-26 के लिए CII उपाध्यक्ष का पदभार संभाला। डॉ. सुचित्रा के एला 2012-13 से सीआईआई आंध्र प्रदेश की अध्यक्ष, 2013-15 से सीआईआई के भारतीय महिला नेटवर्क की संस्थापक अध्यक्ष और वर्ष 2022-23 के लिए सीआईआई दक्षिणी क्षेत्र की अध्यक्ष थीं।



राजीव मेमानी



आर मुकुंदन



सुचित्रा के एला

बढ़ेगी सेना की ताकत

अगले साल मिल जाएंगी एस-400 की शेष दो खेप

एजेंसी । नई दिल्ली

पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच रूस ने सोमवार को कहा कि भारत को एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-400 की बाकी बची खेप निर्धारित समय के अनुसार अगले साल यानी 2026 तक मिल जाएगी। एस-400 वही मिसाइल सिस्टम है, जिसने पिछले महीने पाकिस्तान के साथ चार दिन तक चली सैन्य झड़प के दौरान उसके हर हमले को नाकाम कर दिया था।

भारत में रूस के उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को पीटीआई से कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत कुशलतापूर्वक काम किया है।

उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच रक्षा समेत कई मुद्दों पर सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। जहां तक मेरी जानकारी है, बाकी बचे एस-400 मिसाइल सिस्टम के लिए अनुबंध तय प्रोग्राम और निर्धारित अवधि के तहत ही होगा। हम वायु रक्षा प्रणाली पर साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह 2025, 2026 में इसे पूरा कर लिया जाएगा।

जानकारों का कहना है कि रूसी उप राजदूत की इस टिप्पणी से पाकिस्तान की नींद फिर उड़ गई है, क्योंकि यह डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान की हर चाल को नाकाम कर सकता है।

ज्ञात रहे कि भारत ने 2018 में रूस के साथ पांच एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति के लिए 5.43 अरब डॉलर का अनुबंध किया था। पांच में से तीन सिस्टम को क्रमशः पाकिस्तान और चीन की सीमा से लगे पश्चिमी और उत्तरी मोर्चों पर तैनात किया गया है। एस-400 की पहली खेप भारत को दिसंबर 2021 में मिली थी, जबकि दूसरी और तीसरी खेप क्रमशः अप्रैल 2022 और अक्टूबर 2023 में मिली थी।

यह है एस 400 की खासियत

भारत में इस मिसाइल प्रणाली को सुदर्शन चक्र नाम दिया गया है। एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम 380 किलोमीटर की दूरी पर दुश्मन के बमवर्षकों, फाइटर जेट विमानों, जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगा सकता है और उन्हें नष्ट कर सकता है।



कांग्रेस ने साधा निशाना

पेशेवर संस्थानों में हो रही RSS की 'घुसपैठ': रमेश

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद से जुड़ी कथित 'अनियमितताओं' का हवाला देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है। अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपए का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आईसीएचआर अकेला नहीं है। शीर्ष विश्वविद्यालयों सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों को बेहद संदिग्ध शैक्षणिक साख वाले आरएसएस समर्थकों द्वारा नष्ट किया जा रहा है।





आईपीएल की बादशाहत के लिए आज होगी खिताबी भिड़ंत, मैच शाम 7:30 बजे होगा शुरू

जीत के साथ 18 साल का सूखा खत्म करना चाहेंगे बेंगलुरु व पंजाब

एजेंसी | अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। सभी की निगाहें हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी, जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं।





विराट कोहली अहमदाबाद में फाइनल मैच की पूर्व संध्या पर सोमवार को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान अन्य खिलाड़ियों के साथ।

श्रेयस की कप्तानी का जलवा

अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल केकेआर चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है।

कोहली का प्रदर्शन रहा आरसीबी की जीत का सूत्र

आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से लेकर अंत तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है।

बाजी पलटकर फाइनल में पहुंची पंजाब किंग्स

दूसरी ओर, मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

चहल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

युजवेंद्र चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालीफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। पंजाब और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था, लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

पोलैंड: राष्ट्रपति चुनाव में करोल नवरोकी की जीत

वारसा (पोलैंड)। पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसा के मेयर रफाल ट्रजास्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

बीना यादव बनीं सीबीआई में मुख्य सूचना अधिकारी

नई दिल्ली। भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) की वरिष्ठ अधिकारी बीना यादव सोमवार को देश की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई में उसकी नई मुख्य सूचना अधिकारी एवं प्रवक्ता के रूप में शामिल हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 1998 बैच की आईआईएस अधिकारी यादव सीबीआई में कार्यभार संभालने से पहले पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात थीं। पीआईबी में अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में उन्होंने नागरिक उड्डयन, कौशल विकास, संस्कृति एवं पर्यटन सहित विभिन्न मंत्रालयों के मीडिया प्रचार का कार्यभार संभाला।

ठाणे में एटीएस के छापे, 12 लोग हिरासत में लिए

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस कर्मियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की।

पूर्वोत्तर के कई राज्यों में बारिश व बाढ़ का कहर जारी

सिक्किम में फंसे 1,678 पर्यटकों को निकाला, असम में हालात गंभीर



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में भारी बारिश के बाद बाढ़ग्रस्त जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान से मरीजों को निकालते राहतकर्मी।



सेना और असम राइफल्स के जवान त्रिपुरा, दक्षिण असम और मणिपुर के जिरीबाम में राहत कार्यों के दौरान बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को बाहर निकालते हुए।

एजेंसी | गंगटोक/गुवाहाटी

देश के पूर्वोत्तर के राज्यों असम, मणिपुर, सिक्किम, मिजोरम में भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन का कहर जारी है। असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही क्योंकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। राज्य के 15 जिलों में लगभग चार लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 10 हो गई है। वहीं, उत्तरी सिक्किम के लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद फंसे कुल 1,678 पर्यटकों को सोमवार को सुरक्षित निकाला गया तथा 100 से अधिक पर्यटक अब भी लाचेन में फंसे हुए हैं। दूसरी ओर, राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के एक हिस्से (सेवोक से रंगपो तक) पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। सीमा सड़क संगठन ने सिक्किम के मंगन जिले के लाचुंग में सड़क संपर्क बहाल किया, जिसके बाद फंसे हुए पर्यटकों को निकालने का काम शुरू हुआ। सिक्किम पुलिस महानिदेशक अक्षय सचदेवा ने कहा कि कई दिन से लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में फंसे 1,678 पर्यटक 284 वाहनों और 16 मोटरसाइकिलों से दजोंगू शहर के पास फिदांग के रास्ते गंगटोक के लिए रवाना हुए। लाचेन में फंसे 100 से अधिक पर्यटकों को निकालने के प्रयास जारी हैं।

मिजोरम में तीसरे दिन भी बंद रहे स्कूल

मिजोरम में भारी बारिश के कारण सोमवार को सभी स्कूल बंद रहे। वर्षा की वजह से राज्य के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन, मिट्टी धंसने, चट्टानें गिरने और जलभराव की घटनाएं हुईं। स्कूल शिक्षा विभाग की निदेशक एंजेला ज़ोथनपुई ने कहा कि सभी 11 जिला प्रशासनों ने छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर सोमवार को स्कूल बंद करने की घोषणा की है।

मणिपुर में बाढ़ से 19,811 लोग प्रभावित

मणिपुर में नदियों के उफान पर होने और तटबंधों के टूटने के कारण आई बाढ़ से 19,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले चार दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोगों को घरों और प्रभावित इलाकों से निकाल कर 31 राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। नदी का जलस्तर बढ़ जाने के बाद बाढ़ का पानी खुरई, हेइगांग और चेकॉन इलाकों में भर गया है। अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में एक और व्यक्ति की मौत होने के साथ ही राज्य में भूस्खलन तथा बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र के अनुसार, 23 जिलों में 156 गांवों के 938 लोग मानसून की बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक कल

पीएम देंगे 'ऑपरेशन सिंदूर' का ब्योरा

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोलने के अलावा इस बात पर प्रकाश डाल सकते हैं कि उनकी सरकार का समग्र जोर किन चीजों पर है, क्योंकि मंत्री सरकार के एक साल पूरे होने के मौके पर देशभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में लोगों के बीच जाने को तैयार हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक आम तौर पर कुछ महीनों के अंतराल पर होती है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के विपरीत इसकी कोई निश्चित समयसीमा नहीं होती।



पीएम ने भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को उलानबटार ओपन 2025 में तीसरी रैंकिंग सीरिज में भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन की तारीफ की। एक्स पर अलग-अलग पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने अलग अलग खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता पूरे टूर्नामेंट में नजर आई।

IRS अधिकारी के ठिकानों की तलाशी

एक करोड़ नकद व 3.5 किलो सोना जब्त

एजेंसी | नई दिल्ली

सीबीआई ने वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी अमित कुमार सिंघल के परिसरों की तलाशी के दौरान एक करोड़ रुपए नकद और 3.5 किलोग्राम सोना जब्त किया है। सिंघल को 25 लाख रुपए की रिश्वतखोरी के मामले में उनके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने एक अभियान के बाद 2007 बैच के आईआरएस अधिकारी सिंघल और उनके सहयोगी हर्ष कोटक के परिसरों पर तलाशी ली। सिंघल यहां करदाता सेवा निदेशालय में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात थे।



अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली और पंजाब में सिंघल के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान सीबीआई ने एक करोड़ रुपये नकद, 3.5 किलोग्राम सोना और दो किलोग्राम चांदी जब्त की। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार,सिंघल ने 'ला पिनोज पिज्जा' के मालिक सनम कपूर को जारी आयकर नोटिस का निपटान करने के लिए कथित तौर पर कुल 45 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

12 में से 8 क्षेत्रीय समितियों में जीती भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को आंतरिक चुनाव में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 12 क्षेत्रीय (जोन) समितियों में से आठ पर जीत हासिल की और निगम की स्थायी समिति में भी निर्णायक जनादेश हासिल किया।

भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के एक-एक सदस्य 18 सदस्यीय स्थाई समिति के लिए चुने गए हैं, जिससे भाजपा सदस्यों की कुल संख्या 10 हो गई और उसे इस समिति में बहुमत मिल गया। यह समिति एमसीडी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है।

मिस वर्ल्ड ओपल को किया सम्मानित



हैदराबाद। *राज्यपाल जिष्णु देववर्मा और मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को तेलंगाना स्थापना दिवस पर यहां राजभवन में मिस वर्ल्ड ओपल सुचाता चुआंगश्री, उपविजेता हासेट डेरेजे, माजा क्लाजदा और ऑरेली जोआचिम को सम्मानित किया। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता विजेताओं को सोमवार शाम उनके लिए आयोजित एक जलपान कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने तेलंगाना के समृद्ध इतिहास, तीव्र प्रगति और समावेशी प्रकृति पर प्रकाश डाला।*

यूक्रेन-रूस में तुर्किये में हुई शांति वार्ता

6,000 सैनिकों के शवों की होगी अदला-बदली, पर युद्धविराम नहीं

एजेंसी | इस्तांबुल/कीव/ मॉस्को

रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच सोमवार को तुर्किये में नए दौर की प्रत्यक्ष शांति वार्ता समाप्त हो गई। बैठक एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चली। इस बैठक में कुछ बड़े फैसले लिए गए, लेकिन अभी भी दोनों देश युद्ध विराम के मुद्दे पर सहमत नहीं हो पाए हैं। इस बैठक में सबसे बड़ा फैसला 6000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली का हुआ, जिस पर दोनों देशों ने अपनी सहमति जताई है। बैठक के बाद यूक्रेनी पक्ष ने कहा कि हमारी तरफ से बिना शर्त युद्धविराम का आह्वान किया गया था, लेकिन मॉस्को ने उसे खारिज कर दिया है। इसके बजाय उन्होंने सीमा रेखा के कुछ क्षेत्रों में दो से तीन दिनों के आंशिक युद्धविराम की पेशकश की है।



लिथुआनिया के विनियस में विनियस शिखर सम्मेलन में एक समूह के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की (दाएं से तीसरे) व अन्य देशों के नेता। इस्तांबुल बैठक के बीच विनियस में यह बैठक हुई।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने लिथुआनिया में लिया बैठक में भाग

इसी बीच, लिथुआनिया में बी 9 (बुखारेस्ट नाइन) की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे जेलेंस्की ने कहा कहा कि दोनों पक्षों ने तुर्किए के माध्यम से दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया है। हम युद्धबंदियों की नए आदान-प्रदान पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर रूस और यूक्रेन के बीच यह सीधी शांति वार्ता करीब एक घंटे तक चली। बैठक में यूक्रेनी पक्ष का नेतृत्व करने वाले रक्षामंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि दोनों पक्षों की तरफ से इस बात पर सहमति जताई गई कि वे सभी गंभीर रूप से घायल सैनिकों के साथ 25 साल से कम आयु के सैनिकों की अदला-बदली पर सहमत हैं। यूक्रेन के रक्षामंत्री ने कहा कि हम गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली करने के लिए सहमत हुए हैं। इसके अलावा दूसरे श्रेणी में 18 से 25 साल के युवा सैनिक हैं, जिनकी अदला-बदली की जाएगी। तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शांति वार्ता की अध्यक्षता की। बैठक में तुर्किए की खुफिया एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी: अमेरिकी सीनेटर

पेरिस। अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में यह बात कही।

अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी

इस बीच, यूक्रेन व रूस के बीच लगभग 1,000 किलोमीटर के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र में भीतर तक हमले किए। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि यूक्रेनी ड्रोनों ने पांच एयरबेस पर हमले किए, जिनमें अज्ञात संख्या में विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसकी वायु सेना ने 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने रात भर में रूस द्वारा प्रक्षेपित 80 ड्रोन में से 52 को नष्ट कर दिया।

नृत्य संस्कृति डांस इंस्टीट्यूट का 15 दिवसीय शिविर

शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सीख रहे बच्चे

5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को नृत्य की विविध शैलियों का दिया जा रहा प्रशिक्षण

बेधड़क | जयपुर

गुलाब नगरी में इन दिनों समर कैंप्स का दौर चल रहा है, जहां बच्चों में शास्त्रीय कथक और राजस्थानी लोक नृत्य को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में नृत्य संस्कृति डांस इंस्टीट्यूट की ओर से 19 मई से 6 जून तक 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर वृंदा गार्डन्स, जगतपुरा में चल रहा है, जिसमें 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चे नृत्य की विविध शैलियों की बारीकियां सीख रहे हैं।

इंस्टीट्यूट की निदेशक डॉ. सीमा गोयल ने बताया कि कैंप में बच्चों को कथक, राजस्थानी लोक नृत्य और बॉलीवुड नृत्य के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से कथक के पाठ्यक्रम में प्रणाम, गुरु वंदना, ताल लगाना, तत्कार (पैरों की थाप), तोड़े, मुद्राएं और उनके अर्थों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसमें स्वरा, श्रेयसी और अन्या जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं उत्साहपूर्वक इन तकनीकों को गहराई से सीख रही हैं।






अनुशासन और रचनात्मकता का विकास

डॉ. सीमा गोयल ने कहा कि समर कैंप बच्चों को न केवल नृत्य में दक्षता प्रदान कर रहा है, बल्कि उनमें अनुशासन और रचनात्मकता के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। नृत्य के माध्यम से बच्चों को उनकी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ा जा रहा है। यह समर कैंप बच्चों के लिए न नृत्य कौशल को बेहतर करने का अवसर है। डॉ. गोयल ने यह भी बताया कि इस कैंप के समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, ताकि उनकी मेहनत और लगन को मान्यता मिल सके।

MEET & GREET



जयपुर। डॉ. जगदीश चंद्र का सोमवार को होटल रामबाग पैलेस में ईटरनल फैशन टाइम्स (ईएफटी) फाउंडर्स दीपिका नरुका व नवीन कुमावत ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. चंद्र को स्मृति चिह्न भी भेंट किया। डॉ. चंद्र ने 31 मई को आयोजित ईएफटी कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

माउंट एवरेस्ट फतह कर गीता ने दिया साहस का परिचय



बेधड़क. जयपुर। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की महिला उप निरीक्षक/कार्य गीता सामोता ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हाल ही में माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह किया। यह न केवल उनका व्यक्तिगत प्रयास था, बल्कि समूचे देश और सीआईएसएफ के लिए गर्व का क्षण था। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद, जब वे सोमवार को उदयपुर पहुंचीं, तो महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट सुभाष चंद्र सामोता, एयरपोर्ट डायरेक्टर योगेश नागाइच, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सी.एल. मीणा सहित सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी और जवान, एयरलाइंस के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने गीता सामोता का पुष्पगुच्छ और मालाओं के साथ सम्मान किया और उनके साहस, समर्पण तथा उपलब्धि की सराहना की।

जयपुर में हुडको ने 54EC कैपिटल गेन बॉन्ड्स की शुरुआत की



बेधड़क. जयपुर। हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) ने जय महल पैलेस में संवाद बैठक के दौरान 54EC कैपिटल गेन बॉन्ड्स की घोषणा की। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा 7 अप्रैल को जारी अधिसूचना के तहत हुडको को इन बॉन्ड्स को जारी करने की मान्यता प्राप्त हुई। अब हुडको उन सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में शामिल हो गया है, जो निवेशकों को टैक्स सेविंग साधन उपलब्ध कराते हैं। हुडको के कार्यकारी निदेशक (वित्त), महाप्रबंधक (वित्त) और क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि इन बॉन्ड्स के तहत दीर्घकालिक पूंजीगत परिसंपत्तियों जैसे भूमि और भवन की बिक्री से उत्पन्न पूंजीगत लाभ पर टैक्स छूट मिलती है, यदि 50 लाख रुपए तक का निवेश 6 महीने के भीतर 54EC कैपिटल गेन बॉन्ड्स में किया जाए। इन बॉन्ड्स की परिपक्वता अवधि पांच वर्ष होगी।

Events

फ्री कैंसर परामर्श शिविर 7 जून तक



बेधड़क. जयपुर। संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल (एसडीएमएच) में 7 जून तक निशुल्क कैंसर परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच को प्रोत्साहित करना है। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेकंड ओपिनियन और कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधाएं दी जा रही हैं। अपॉइंटमेंट के लिए 9116050108 पर संपर्क किया जा सकता है। संतोकबा दुर्लभजी ट्रस्ट के सचिव योगेन्द्र दुर्लभजी ने बताया कि यह पहल कैंसर रोगियों को एक ही स्थान पर समग्र उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

छात्रों को कराया जैविक उद्यान भ्रमण



बेधड़क. जयपुर। गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए सोसाइटी फॉर पब्लिक ग्रिवेंस (एसपीजी), इंडिया की ओर से विभिन्न कार्यक्रम और ग्रीष्मकालीन स्कूल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति, जल और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सचिव डॉ. गोविंद रावत ने बताया कि अभियान के तहत 'प्रकृति बचाओ और वन्यजीव बचाओ' के विषय को लेकर 750 से अधिक छात्रों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। एसपीजी की उपाध्यक्ष डॉ. गुंजन खंडेलवाल और दीपाली सोकिया ने इसे ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। कार्यक्रम समन्वयक प्रेम कांत, राजेश, दक्षेश और दर्श कुमार ने बताया कि बच्चों में प्रकृति, जल और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखी। कार्यक्रम प्रभारी शुभ्रा खंडेलवाल ने बताया कि इस अवसर पर वन्यजीव संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें दर्श व शुभांक प्रथम, त्रिशिका द्वितीय और शुभ तृतीय रहे।

सुरक्षा चक्र अभियान का आगाज



बेधड़क. जयपुर। तीसरी बटालियन राजस्थान सशस्त्र दल (आरएसी) बीकानेर कैंपस में कमांडेंट सीमा हिंगोनिया (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) के निर्देशन में राजस्थान पुलिस के सुरक्षा चक्र अभियान का आगाज हुआ। सुरक्षा चक्र पोस्टर का विमोचन पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने किया। गौरतलब है कि कार्यक्रम का उद्देश्य 6 से 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स को निशुल्क जुडो कराटे व मार्शल आर्ट जैसी विधाओं की जानकारी साथ ही वर्तमान तकनीकी युग में जागरूकता के अभाव में किशोरों में बढ़ रहे अपराधों की जानकारी देना था। सुरक्षा चक्र अभियान में प्रशिक्षक दल आत्मरक्षा प्रभारी डॉ. पल्लवी (रोटरी क्लब जयपुर निदेशक) ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

जयदेव उत्सव में कला साधकों ने लिया भाग

आरयू के शोधार्थी जीतेन्द्र शर्मा ने 'गीत गोविंद' पर दिया वक्तव्य

बेधड़क | जयपुर

दिल्ली में आयोजित जयदेव उत्सव के दौरान राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के संगीत विभाग के शोधार्थी और संस्कृतिकर्मी जीतेन्द्र शर्मा ने अपने शोधात्मक वक्तव्य में कहा कि भारत केवल सांस्कृतिक रूप से नहीं, बल्कि साहित्यिक रूप से भी विश्वगुरु है। यह अवसर उन्हें इंस्टीट्यूट ऑफ प्रमोशन एंड रिसर्च ऑन ओडिशा कल्चरल हेरिटेज की ओर से आयोजित दो दिवसीय जयदेव उत्सव में प्राप्त हुआ, जिसमें देशभर से आए हजारों कला साधकों ने भाग लिया।

अपने संबोधन में जीतेन्द्र शर्मा ने 12वीं सदी के महान संस्कृत कवि जयदेव और उनकी अमर काव्य कृति 'गीत गोविंद' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जयदेव का जन्म 1201 में उड़ीसा में हुआ और उन्होंने भगवान जगन्नाथ की कृपा से राधा-कृष्ण के पवित्र प्रेम पर आधारित यह महाकाव्य रचा। शर्मा ने यह भी बताया कि 'गीत गोविंद' भक्ति, सौंदर्य और संस्कृति का ऐसा संगम है, जो आज भी नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों में जीवित रहता है। शर्मा ने यह भी कहा कि जहां पश्चिमी देशों में काव्य की प्रमुख रचनाएं 16वीं सदी के बाद की मानी जाती हैं, वहीं भारत ने 12वीं सदी में ही 'गीत गोविंद' जैसे कालजयी ग्रंथ का सृजन किया, जो भारत की साहित्यिक समृद्धि का प्रतीक है। कार्यक्रम में 'गीत गोविंद' की संगीतात्मक और नृत्यात्मक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा।



जयदेव उत्सव के दौरान जीतेन्द्र शर्मा।

इंडिया इंटरनेशनल डिजाइन कॉन्क्लेव

डिजाइनर्स, कारीगरों ने पर्यावरण के प्रति दिखाई संवेदनशीलता



बेधड़क | जयपुर

इंडिया इंटरनेशनल इंटीरियर डिजाइन की ओर से आयोजित इंडिया इंटरनेशनल डिजाइन कॉन्क्लेव (आईआईडीसी) में सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन का अद्वितीय मेल देखने को मिला। राजस्थान के चेयरमैन आर्किटेक्ट आशीष काला ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में डिजाइनर्स और कारीगरों ने अपनी रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता से सबका दिल जीत लिया। इस आयोजन में 5 हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव के दौरान वर्कशॉप में सांगानेर की लघुउद्योग भारती की अध्यक्ष पिंकी माहेश्वरी ने एक खास पहल की। उन्होंने पुराने कपड़े और टेक्सटाइल वेस्ट से हैंडमेड पेपर और स्टेशनरी बनाने का कार्य शुरू किया। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर को नमन करते हुए दीपक संकित ने मीनाकारी के कफलिंक से देशभक्ति का माहौल बनाया। आईआईडीसी के अनुपमा राणा और जूही केडिया ने बताया कि जयपुर के विवेक गुप्ता ने अनूठी पहल की है। उन्होंने विदेशों से आयात होने वाली टाइल्स पर निर्भरता कम करने के लिए स्थानीय स्तर पर हैंडमेड टाइल्स बनाने का काम शुरू किया। कॉन्क्लेव का आकर्षण 'छुपा शहर-स्वर्णनगरी जैसलमेर' पर आधारित इंस्टॉलेशन रहा, जिसमें जैसलमेर के स्टेप वेल्स और जैसलमेर स्टोन का इस्तेमाल करते हुए पर्गोला जैसी संरचना बनाई गई।

तैयारियों का जायजा | सन टू ह्यूमन फाउंडेशन का छह दिवसीय शिविर आज से

शरीर, मन और चेतना के विकास के लिए मिलेगा मार्गदर्शन

बेधड़क | जयपुर

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 3 जून से 8 जून तक भवानी निकेतन में आयोजित होने वाले विशाल शिविर की तैयारियों का सोमवार को जायजा लिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने शिविर स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया और वॉलंटियर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर के प्रणेता परम आलयजी की मुख्य प्रशिक्षिका गार्गी मां इंदौर से जयपुर पहुंची। वह शिविर के पहले दिन सभी साधकों को संबोधित करेंगी। शिविर के दौरान साधकों को शरीर, मन और चेतना के विकास के लिए विभिन्न अभ्यासों से अवगत कराया जाएगा। संयोजक संजय महेश्वरी ने बताया कि पहले तीन दिन गार्गी मां द्वारा शरीर को शक्तिशाली बनाने के प्रयोग करवाए जाएंगे, जबकि बाद के तीन दिन परम आलयजी के मार्गदर्शन में ब्रेन शक्तियों को जागृत किया जाएगा। शिविर में साधकों को विभिन्न बीमारियों जैसे डायबिटीज, बीपी, थायराइड, अर्थराइटिस, माइग्रेन, हृदय रोग, डिप्रेशन आदि से छुटकारा पाने के तरीके बताए जाएंगे।



विशेष प्रकार की सुविधा व्यवस्था

मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया लगभग 2 लाख स्क्वायर फीट एरिया के पंडाल में यह विशाल आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 20 से 25,000 साधक व्यवस्थित रूप से बैठ पाएंगे। उन्होंने बताया रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब केवल विशेष परिस्थितियों में ही शिविर स्थल पर रजिस्ट्रेशन की अनुमति दी जाएगी। शिविर में आने वालों की मदद के लिए कुछ विशेष काउंटर इस कार्य के लिए खोले जाएंगे। शिविर स्थल पर विशेष डोम, मूलभूत सुविधाएं और अल्कलाइन नाश्ते के लिए चार विशाल पंडाल की व्यवस्था की गई है। सभी साधकों को आईडी कार्ड से ही प्रवेश मिलेगा। आयोजन स्थल पर लगभग 2000 वॉलंटियर्स को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वॉलंटियर्स को विशेष प्रकार के प्रयोग करवाए गए और पंडाल की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, मंगलवार, 03 जून, 2025

नेतृत्व का अर्थ है प्रेरित करना और सशक्त बनाना।

डॉ. जगदीश चंद्र,
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से किसानों को मिल रही राहत

हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार: भजनलाल शर्मा

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि दुग्ध उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी सरकार पशुपालकों के हितों को सर्वोपरि मानती है और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। दुग्ध उत्पादन से जहां न केवल ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन होता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। मुख्यमंत्री स्वयं भी किसान रहे हैं, ऐसे में वे किसानों और पशुपालकों के सामने आ रही परेशानियों को भली-भांति समझते हैं। राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजटों में किसान-पशुपालक के लिए ऐसे समस्त प्रावधान किए गए हैं जिससे किसान भाई समृद्ध तथा सशक्त बन सकें। मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही नियमित जनसुनवाई भी किसानों के लिए अपनी समस्या के समाधान का जरिया बन रही है। हजारों की संख्या में आमजन जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर आते हैं तथा मुख्यमंत्री संवेदनशीलता से इनका त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। जनसुनवाई में लोगों को स्वास्थ्य, पेंशन, शिक्षा, पेयजल, परिवहन सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण मिल रहा है। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश है कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए परिवादियों को इसके बारे में सूचित भी किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



लगभग साढ़े चार लाख किसान पशुपालक हुए लाभान्वित

जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के सदस्यों को पिछले कुछ माह से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत अनुदानित राशि का हस्तांतरण दुग्ध उत्पादकों के खाते में नहीं हो पा रहा था। इस पर संचालक मंडल के सदस्यों ने जनसुनवाई में मुख्यमंत्री के पास आकर अपनी पीड़ा बताई। मुख्यमंत्री ने इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए अधिकारियों को प्रदेश के किसानों को बकाया अनुदान का भुगतान करने के निर्देश दिए। इस पर प्रदेश के सभी किसान पशुपालकों को मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत अनुदान राशि का हस्तांतरण सीधे उनके खाते में कर दिया गया है। लगभग 4.50 लाख किसान पशुपालक मुख्यमंत्री के इस निर्णय से लाभान्वित हुए। किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि किसान हितैषी सीएम हमारी सभी समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता के साथ निर्णय लेते हैं। निश्चित तौर पर यह सरकार किसानोन्मुखी है जो किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने एवं पशुपालन को विकसित करने के लिए निरंतर काम कर रही है। अन्नदाता किसान को सशक्त बनाने के इन निर्णयों से 'आत्मनिर्भर राजस्थान' की नींव को मजबूती मिलेगी। जनता की आकांक्षाओं को राज्य सरकार की प्रेरणा मानते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार किसान-पशुपालकों सहित हर वर्ग के उत्थान तथा प्रदेशवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इससे समृद्ध, सशक्त तथा खुशहाल राजस्थान के सपने को साकार किया जा सकेगा।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का पोकरण दौरा

'राष्ट्र की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी'

बेधड़क | पोकरण (जैसलमेर)

केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर पोकरण विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। फर्स्ट इंडिया से विशेष बातचीत में शेखावत ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद के निजी सचिव शकूर खां की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। राष्ट्र की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। शेखावत ने देशवासियों से अपील की कि राष्ट्र की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।



भादरिया मंदिर में लगाई धोक

केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर पोकरण विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। अपने दौरे के दौरान शेखावत ने भादरिया स्थित प्रसिद्ध मां भादरिया राय मंदिर जाकर दर्शन कर धोक लगाई। मंत्री शेखावत ने मां भादरिया राय से देशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि और राष्ट्र की उन्नति की प्रार्थना की।

एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आए केंद्रीय मंत्री

मेघवाल ने किया अत्याधुनिक AI लैब का लोकार्पण

बेधड़क | बीकानेर

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अभियांत्रिकी महाविद्यालय बीकानेर में नव-निर्मित वीएलएसआई एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम डिजाइन लैब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम बैरवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला नवाचार, शोध एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।



राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ संघ शिक्षा वर्ग का समापन

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 15 दिवसीय विशेष संघ शिक्षा वर्ग सोमवार को सीकर के आदर्श विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रांत सह संघचालक हेमंत सेठिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा का संकल्प लेकर समाज में सक्रिय होने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में सेठिया ने कहा कि संघ कार्य केवल संगठन का नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का कार्य है। डॉ. हेडगेवार ने 1925 में संघ की स्थापना हिंदुत्व की भावना और राष्ट्र सेवा के लक्ष्य को लेकर की थी और आज यह आंदोलन एक जीवंत परंपरा बन



चुका है। उन्होंने बताया कि गांधीजी की हत्या के बाद संघ पर लगे प्रतिबंध के समय भी स्वयंसेवकों की निष्ठा नहीं डगमगाई और जब प्रतिबंध हटा, तब गुरुजी ने शाखा के माध्यम से 'व्यक्ति निर्माण' का मंत्र दिया। सेठिया ने संघ की ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित करते हुए बताया कि 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संघ ने व्यवस्थाओं के सुधार का दायित्व लिया।

नोहर में शहीद हेमू कालानी चौक का लोकार्पण

देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा से युवाओं को जोड़ने की जरूरत: वासुदेव देवनानी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आजादी हमें बनी-बनाई नहीं मिली, यह असंख्य वीरों के बलिदान और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हेमू कालानी जैसे युवाओं ने अंग्रेजों के सामने घुटने टेकने के बजाय फांसी को गले लगाया। कोई भी बलिदानी किसी एक समाज का नहीं होता, वह पूरे राष्ट्र का होता है।

नोहर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिंधी समाज ने देश के विभाजन के समय सब कुछ छोड़कर देश के कोने-कोने में खुद को स्थापित किया और सम्मानजनक जीवन जिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने हेमू कालानी के पाठ को कक्षा 9वीं और 11वीं के पाठ्यक्रम में शामिल करवाया, जिसे आज 20 लाख छात्र पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश आक्रांताओं को महान नहीं, बल्कि महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों को महान मानता है।



देवनानी ने शिक्षा निदेशालय का किया अवलोकन

वासुदेव देवनानी ने सोमवार को बीकानेर स्थित शिक्षा निदेशालय का अवलोकन किया। उन्होंने माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ने निदेशालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बेधड़क FIRST

फिर तो पूरा जयपुर आपका हो जाएगा

जयपुर पूर्व राजपरिवार व अन्य की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। जयपुर पूर्व राजघराने की संपत्तियों का अनुबंध के तहत सरकारी उपयोग को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। राजस्थान सरकार व जयपुर पूर्व राजघराने के बीच संपत्तियों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। जयपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल (पुरानी विधानसभा) को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने राजमाता पद्मिनी देवी समेत जयपुर राजपरिवार के सदस्यों की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। राजस्थान हाई कोर्ट ने इसे सरकारी संपत्ति मानते हुए राजघराने के दावों को खारिज कर दिया था। टाउन हॉल के अलावा चार मुख्य इमारतों को भी सरकारी संपत्ति घोषित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सवाल उठाया कि अगर हर रियासत इसी तरह का दावा करने लगे तो क्या पूरे राजस्थान की सरकारी संपत्तियां रजवाड़ों की हो जाएंगी? फिर तो पूरा जयपुर आपका हो जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि जब तक मामला अदालत में लंबित है, तब तक कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ाया जाए। मामले पर अब दो महीने बाद सुनवाई होगी।

एक टेबल पर दिखे अशोक गहलोत और लालचंद कटारिया

जयपुर में पूर्व मंत्री शांति धारीवाल के पारिवारिक कार्यक्रम में कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला, जहां पर राजनीति में मतभेद सार्वजनिक होने के बावजूद पारिवारिक या सामाजिक आयोजनों में सियासी दूरिया कम हो गई, जहां पर एक ही टेबल पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भाजपा नेता लालचंद कटारिया नजर आए। कटारिया, जो कभी गहलोत के करीबी माने जाते थे। उनके बीजेपी का दामन थामने के बाद दोनों के रिश्तों में खटास आ गई थी। वहीं, इस समारोह में भाजपा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भी मौजूद रहे।

भाजपा सांसद सीपी जोशी का नया रूप सोशल मीडिया पर वायरल

राजस्थान से भाजपा सांसद सीपी जोशी इन दिनों अपनी राजनीतिक गतिविधियों से इतर फिटनेस को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों और वीडियो में सीपी जोशी को नियमित रूप से जिम में वर्कआउट करते हुए देखा जा रहा है। उनका यह नया रूप युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। बता दें कि सीपी जोशी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं और अब अपने स्वास्थ्य के प्रति इस जागरूकता के चलते वे नई छवि में सामने आए हैं।

एक मंच पर पूर्व और वर्तमान भाजपा अध्यक्ष

बीजेपी मीडिया सेल प्रमुख प्रमोद वशिष्ठ के सवामणी कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा देखने को मिला। कार्यक्रम में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ-साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और सीपी जोशी भी शामिल हुए। बीते दो दिनों में यह दूसरा मौका था जब वर्तमान और पूर्व अध्यक्षों की मुलाकात हुई। प्रमोद वशिष्ठ लंबे समय से भाजपा के मीडिया सेल का नेतृत्व कर रहे हैं।

निजी यात्रा पर शिमला पहुंचीं सोनिया

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी निजी यात्रा पर हिमाचल प्रदेश के छराबड़ा पहुंची हैं। उनका आने वाले कई दिनों तक शिमला में रुकने का कार्यक्रम है। इस दौरान वह किसी भी राजनीतिक या पार्टी नेता से मुलाकात नहीं करेंगी। प्रियंका गांधी Aही स्थित है। प्रियंका साल भर में कई बार इस स्थान पर आती रहती हैं।

दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह पर गहराया संकट

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह पर पार्टी जल्द कार्रवाई कर सकती है। पार्टी हाईकमान ने पहले ही उन्हें अनुशासनहीनता के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया था। लेकिन उनके जवाब से पार्टी नेतृत्व संतुष्ट नहीं है। लक्ष्मण सिंह लगातार पार्टी और हाईकमान पर तीखे बयान देते रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी की सिफारिश पर नोटिस जारी किया गया था। अब माना जा रहा है कि पार्टी जल्द ही कोई ठोस एक्शन ले सकती है।

राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दिल्ली में निधन

वरिष्ठ IAS अधिकारी आलोक को अंतिम विदाई, ब्यूरोक्रेसी में शोक की लहर

बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर

राजस्थान कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आलोक के निधन से राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में शोक की लहर है। उनके निधन के उपरांत दिल्ली स्थित निवास स्थान पर भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा एवं अन्य विशिष्ट सेवाओं के अधिकारियों सहित राज्य सरकार के दिल्ली स्थित राजकीय कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता ने स्वर्गीय आलोक के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री



राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित लोधी रोड श्मशान घाट पर दिवंगत आलोक को श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने लोधी रोड श्मशान घाट पर दिवंगत आलोक के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचिव और नई दिल्ली में राजस्थान सरकार के मुख्य आवासीय आयुक्त सुधांश पंत, आईएएस अखिल अरोड़ा, आनंद कुमार, भास्कर सावंत, अपर्णा अरोड़ा, आईपीएस गोविंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी तथा अन्य विशिष्ट लोग लोधी रोड स्थित शवदाह गृह पहुंचे और स्व. आलोक की अंत्येष्टि में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त भारत सरकार में पदस्थापित आईएएस अधिकारी तन्मय कुमार, नरेश पाल गंगवार, रोली सिंह, राज्य के पूर्व मंत्री यूनुस खान और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुनील अरोड़ा, श्रीमंत पांडेय आदि ने भी उनकी पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।



शिखर अग्रवाल, अखिल अरोड़ा, आनंद कुमार, गोविंद गुप्ता और अन्य वरिष्ठ नौकरशाहों ने भी सोमवार को नई दिल्ली में दिवंगत आलोक के अंतिम संस्कार में भाग लिया।

बीकानेर हाउस में श्रद्धांजलि सभा आज

स्वर्गीय आलोक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में शाम 6 से 7 बजे तक एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

IAS ऑफिसर्स एसोसिएशन ने जताया शोक

IAS आलोक के निधन पर राजस्थान IAS ऑफिसर्स एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने उन्हें योग्य, निष्ठावान और कर्तव्यपरायण बताते हुए उनके निधन को प्रशासनिक तंत्र के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया है। सचिव डॉ. समित शर्मा ने शोक संदेश में कहा कि आलोक की ईमानदारी, निष्पक्षता और जनहितकारी निर्णय उन्हें विशिष्ट प्रशासक बनाते थे। उनका संतुलित दृष्टिकोण सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा

आलोक कुमार, आईएएस के असमय निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और स्तब्ध कर देने वाला है। वे एक अत्यंत प्रतिभाशाली, कर्तव्यनिष्ठ और सिद्धांतों के प्रति अडिग अधिकारी थे। विभिन्न विभागों में उनके



योगदान उल्लेखनीय रहे हैं, जिनमें उन्होंने अपने नैतिक मूल्यों और ईमानदारी के साथ सकारात्मक परिवर्तन लाए। ईश्वर ने उन्हें उनके कॅरिअर के सर्वोत्तम समय में हमसे छीन लिया, यह अत्यंत पीड़ादायक है। यह केवल एक व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं और ईश्वर से कामना करता हूं कि शोकसंतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

-सुनील अरोड़ा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
प्रधान संपादक: डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल: sachbedhadakdaily@gmail.com**, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।